राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# फरीदाबाद की आवाज़

Email : faridabadkiawaz@gmail.com

RNI No. -DELHIN/2017/76338

वर्ष : 07 अंक : 13 दिल्ली से प्रकाशित सोमवार 26 फरवरी-3 मार्च 2024 Website : faridabadkiawaz.com

मूल्य : 5/- रु. पृष्ठ : 8



देश की आवाज़

## पीएम ने ड्रोन दीदी के बारे में बात की; बोले- भारत की नारी-शक्ति नई ऊंचाइयां छू रही

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 110वें एपिसोड में नारी-शक्ति के योगदान को नमन किया। पीएम ने कहा कि महाकवि भारतियार जी ने कहा है कि विश्व तभी समृद्ध होगा, जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी-शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने आज के एपिसोड में ड्रोन दीदी से बात की। पीएम ने कहा कि कुछ साल पहले तक किसने सोचा था कि हमारे देश में, गांव में रहने वाली महिलाएं भी ड्रोन उड़ाएंगी! लेकिन आज ये संभव हो रहा है। आज तो गांव-गांव में ड्रोन दीदी की इतनी चर्चा हो रही है, हर किसी की जुबान पर नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी ये चल पड़ा है। हर कोई इनके विषय में चर्चा कर रहा है।

मन की बात के 108वें एपिसोड में मोदी ने फिट इंडिया मूवमेंट पर बात की थी। उन्होंने चेस ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद, एक्टर अक्षय कुमार और क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर से मेंटल और फिजिकल हेल्थ की टिप्स सुनवाई थीं। मोदी ने



इसके पिछले संस्करण में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की चर्चा की थी। इसके अलावा मोदी ने फर्स्ट टाइम वोटर्स से अपना नाम वोटर लिस्ट में लिखवाने का भी अनुरोध किया था।

**11 विदेशी भाषाओं में भी होता है मन की बात का ब्रॉडकॉस्ट**

मन की बात को 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा 11 विदेशी भाषाओं में भी ब्रॉडकॉस्ट किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और स्वाहिली शामिल हैं। मन की बात की ब्रॉडकास्टिंग आकाशवाणी के 500 से अधिक ब्रॉडकास्टिंग सेंटर द्वारा किया जाता है।

**2014 में पहला मन की बात एपिसोड प्रसारित हुआ था**–मन की बात का पहला एपिसोड 3 अक?टूबर 2014 को प्रसारित हुआ था। पहले एपिसोड की टाइम लिमिट 14 मिनट थी। जून 2015 में इसे बढ़ाकर 30 मिनट कर दिया गया था। 30 अप्रैल 2023 को मन की बात का 100वां एपिसोड प्रसारित किया गया था। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण 23 भाषाओं और 29 बोलियों में होता है। फ्रेंच, पश?तो, चाइनीज समेत इसका ब्रॉडकास्ट 11 विदेशी भाषाओं में भी किया जाता है। मोदी मन की बात के 109वें एपिसोड की शुरुआत गणतंत्र दिवस के जश्न को लेकर की थी। पीएम ने कहा कि दो दिन पहले हम सभी देशवासियों ने 75वां गणतंत्र दिवस बहुत धूमधाम से मनाया है। इस साल हमारे संविधान के भी 75 वर्ष हो रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट के भी 75 वर्ष हो रहे हैं। हमारे लोकतंत्र के ये पर्व, लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं। इसके अलावा पीएम ने 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर भी बात की थी। राममला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पीएम ने कहा कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को मानो एक सूत्र में बांध दिया है। सबकी भावना एक, सबकी भक्ति एक, सबकी बातों में राम, सबके हृदय में राम हैं। 22 जनवरी की शाम को पूरे देश ने रामज्योति जलाई, दिवाली मनाई।

## सम्पादकीय

### हिट विकेट हो गए कमलनाथ

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के कद्दावर नेता कमलनाथ को भाजपा ने हिट विकेट कर दिया है। पिछले एक सप्ताह से कमलनाथ के भाजपा में जाने की खबरें सुर्खियां बन रही थी। मगर भाजपा आलाकमान ने कमलनाथ के लिए पार्टी के दरवाजे नहीं खोले। चर्चा है कि मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा कमलनाथ के भाजपा प्रवेश का विरोध किए जाने के कारण पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ के भाजपा प्रवेश के कार्यक्रम को टाल दिया है। अब कमलनाथ के सुर भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। वह बोल रहे हैं कि मैं कभी भी कांग्रेस नहीं छोड़ सकता हूं। मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं और रहूंगा। जबकि एक दिन पहले तक कमलनाथ के खासमखास सज्जन सिंह वर्मा ने खुलेआम कांग्रेस पार्टी में कमलनाथ की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए उनके भाजपा में शामिल होने की पुष्टि की थी। मगर अब सज्जन वर्मा भी अपने बयानों से पलटते नजर आ रहे हैं।



दिनेश शर्मा

भाजपा में कमलनाथ को शामिल करने को लेकर अंदर खाने विरोध के स्वर उठ रहे थे। भाजपा नेता तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि कमलनाथ सिख विरोधी दंगों के अगवा रहे हैं। उन पर सिखों की हत्या करने के आरोप है। ऐसे व्यक्ति को भाजपा में शामिल नहीं करना चाहिए। हालांकि कमलनाथ हमेशा ऐसे आरोपों को नकारते रहे हैं। सभी तरह की जांच में उन्हें क्लीनचिट भी मिल चुकी है। मगर सिख समाज के मन में आज भी कमलनाथ को लेकर नकारात्मक भावना बनी हुई है। ऐसे में भाजपा कमलनाथ को पार्टी में शामिल कर सिख मतदाताओं को नाराज नहीं करना चाहती है। हालांकि तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि यदि कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ भाजपा में शामिल होते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि नकुलनाथ ने सिख विरोधी कोई काम नहीं किया है। कमलनाथ कांग्रेस में सबसे वरिष्ठ नेता माने जाते हैं। संजय गांधी के दून स्कूल के साथी कमलनाथ को 1980 के पहले लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना तीसरा बेटा कहकर चुनाव जीतवाने की अपील की थी। 1980 में मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल छिंदवाड़ा से पहली बार चुनाव जीतने के बाद कमलनाथ ने कभी राजनीति में पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह लगातार सफलता की सीढ़ी चढ़ते गए।

कांग्रेस की केन्द्र सरकार में वह कई बार मंत्री, संगठन में पदाधिकारी, मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बनाए गए। मगर 2023 में कांग्रेस पार्टी के मध्यप्रदेश विधानसभा का चुनाव हारने के बाद पार्टी में उन्हें हाशिये पर धकेल दिया गया। उन्हें बिना पूछे ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से हटा दिया गया। इतना ही नहीं उनके विरोधी रहे जीतू पटवारी को उनके स्थान पर मध्य प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष व उमंग सिंघार को विधायक दल का नेता बना दिया गया।

## आरएसएस के भिंड कार्यालय में मिला पिन वाला बम



**भिंड।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के ग्वालियर दौरे से पहले मध्य प्रदेश के भिंड जिले में स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरआरएस) के कार्यालय परिसर में एक बम मिलने का मामला सामने आया है । पुलिस ने बम बरामद कर लिया है और जांच में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बजरिया क्षेत्र में आरएसएस का कार्यालय है और इसी परिसर में जिस स्थान पर ध्वज लगाया जाता है] वहां पिन बम मिला है। संघ का यह कार्यालय खाली है, क्योंकि प्रचारक और विस्तारक इंदौर की बैठक में शामिल होने गए हैं। शनिवार रात को 12 बजे पुलिस को बम की सूचना मिली और लगभग दो बजे मुरैना से बम डिस्पोजल टीम मौके पर पहुंची। पुलिस जांच कर रही है कि आखिर यह बम आया कहां से। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बम काफी पुराना है। इस बम का उपयोग बीहड़ में फायरिंग रेंज एरिया में हुआ करता था। कुछ दिन पहले ही कार्यालय में मिट्टी का भराव किया गया है, आशंका है कि यह बम इस मिट्टी में दब गया होगा। ज्ञात हो कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को राज्य के दौरे पर हैं और उनका ग्वालियर में भी कार्यक्रम है। भिंड में बम मिलने की खबर से खलबली मच गई।

## कौशांबी की पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, चार की मौत, कई की हालत गंभीर

**कौशांबी।** यूपी के कौशांबी में पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हुआ है। इस हादसे में कम से कम चार लोगों की मौत की सूचना मिल रही है। एक के बाद एक धमाकों से पूरा इलाका थर्रा हुआ है। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने 10 लोगों को बाहर निकाला है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कम से कम चार लोगों की मौत हो चुकी है। धमाकों से झुलसे कई लोगों की हालत गंभीर है। विस्फोट के एक घंटे बाद तक दमकल गाड़ियों के न पहुंचने के चलते स्थानीय लोग गुस्से में हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुए अधिकारियों को राहत के काम में तेजी लाने के आदेश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार हादसे की शिकार हुई पटाखा फैक्ट्री कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे की है। पुलिस के मुताबिक हादसे के वक्त फैक्ट्री में कई लोग काम कर रहे थे। उनमें से चार की मौत की पुष्टि हो पुलिस ने



**धमाकों से झुलसे कई लोगों की हालत गंभीर है। विस्फोट के एक घंटे बाद तक दमकल गाड़ियों के न पहुंचने के चलते स्थानीय लोग गुस्से में हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुए अधिकारियों को राहत के काम में तेजी लाने के आदेश दिए हैं।**

की है। जबकि घायलों में से तीन-चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक तीन लोगों की मौत मौके पर ही हो गई थी जबकि एक की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है। पटाखा फैक्ट्री में पहले विस्फोट के बाद करीब एक घंटे तक रुक-रुक कर धमाके होते रहे। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक स्थानीय लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकलवाया। उन्हें आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया।

कौशांबी के एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मीडिया को बताया कि हादसे की चपेट में वही लोग आए जो पटाखा फैक्ट्री में काम कर रहे थे। उनके मुताबिक पटाखा फैक्ट्री संचालक के पास पटाखा बनाने का लाइसेंस है। उन्होंने कहा कि यह फैक्ट्री रिहायशी इलाके से काफी दूर स्थित है। दमकल गाड़ियों के देरी से पहुंचने पर उन्होंने कहा कि हादसे के वक्त फायर ब्रिगेड के कर्मचारी एक अन्य स्थान पर ड्यूटी पर थे। सूचना मिलते ही उन्हें वहां से मौके के लिए रवाना किया गया।

## लक्ष्यद्वीप के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्वारका में स्कूबा डाइविंग की



**द्वारका ।** लक्ष्यद्वीप के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्वारका में स्कूबा डाइविंग की। उन्होंने समुद्र में डूबे पौराणिक द्वारका नगरी के अवशेष देखे। इस दौरान नेवी के जवान मुस्तैद रहे और समुद्र के आसपास चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रही। द्वारका के पंचकूबी समुद्री तट पर संगत नारायण मंदिर के समीप समुद्र में नेवी के जवानों की सतत निगरानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्कूबा डाइविंग की। इस दौरान नेवी के जवान चाक-चौबंद सुरक्षा करते देखे गए और समुद्र तट के आसपास सतत पेट्रोलिंग करते रहे। प्रधानमंत्री के लिए समुद्र किनारे टेंट हाउस भी तैयार किया गया था। सुदामा ब्रिज के समीप इस तरह की व्यवस्था की गई, जिससे प्रधानमंत्री की सुरक्षा से लेकर तमाम व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

## प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई और हिंसा का माहौल, आम लोग त्रस्त, किसान परेशान है : अशोक गहलोत

**दौसा।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान आगमन को लेकर आज दौसा में भी राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट यात्रा के स्वागत के लिए धौलपुर जाते समय कुछ देर दौसा ठहरे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी महंगाई और हिंसा का माहौल है। इससे आम लोग त्रस्त हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आज किसान परेशान हैं। किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश के अन्नदाता के साथ इतना बड़ा जुर्म करना मोदी सरकार के लिए चुनावों में बहुत घातक होगा।

पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया अलायंस के बीच सीट




शेयरिंग पर सकारात्मक सहमति बन गई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा से किसान, जवान, युवाओं की आवाज उठाई है। आज शाम धौलपुर में इस यात्रा का जोश खरोश से स्वागत किया जाएगा। यात्रा को लेकर हर वर्ग के लोग और कार्यकर्ताओं को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार को भी इस यात्रा से आत्म चिंतन करने को मजबूर होना पड़ेगा। यूपी में पेपर लीक के मामले में उन्होंने कहा कि इस पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी द्वारा आवाज उठाने पर वहां की सरकार को परीक्षा निरस्त करनी पड़ी है। किसान आंदोलन पर पायलट बोले कि डेढ़ साल तक किसानों का आंदोलन चलने का ही नतीजा है कि केंद्र सरकार को तीनों काले कानून बदलने पड़े हैं। मोदी सरकार एमएसपी पर कानून बनाने का वादा कर अब वादा खिलाफी कर रही है। आज किसानों को आंसू गैस और गोली मारी जा रही है। यह देश का दुर्भाग्य है। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने दौसा पहुंचने पर गहलोत का लालसोट बाईपास पर स्वागत किया। जबकि सचिन पायलट का स्वागत कलेक्ट्रेट चौराहे पर किया गया।

## यूपी पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में मथुरा के उपध्याय को तलाश रही एसटीएफ

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को योगी सरकार ने रद्द कर दिया है। यह परीक्षा 17 और 18 फरवरी को हुई थी। यूपी एसटीएफ ने परीक्षा के दौरान नकल करने वाले अभ्यर्थियों के मददगारों की लिस्ट बनाई है। पुलिस ने लगभग 50 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक बलिया का नीरज यादव भी है। पुलिस की पूछताछ में नीरज ने मथुरा के किसी उपाध्याय का नाम लिया है। नीरज के मुताबिक, इसी शख्स ने उसे आंसर शीट भेजी थी।

नीरज के बताए उपाध्याय नाम के शख्स की तलाश में यूपी पुलिस जुट गई है। हैरान करने वाली बात तो ये है कि नीरज को भी नहीं पता कि उपाध्याय कहां रहता है और कैसा दिखता है। नीरज पर आरोप है कि परीक्षार्थियों को वाट्सएेप पर सवालों के जवाब उसने भेजे। जब से नीरज ने उपाध्याय का नाम लिया है, मथुरा के सभी थानों की पुलिस ऐसे शख्स की पता लगा रही है।

पेपर लीक के आरोपियों की नेटवर्क खंगाल रही पुलिस

पुलिस ने अभी तक जितने भी आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनके पास पेपर किस नेटवर्क से पहुंचा, पुलिस यह पता लगाने में जुटी है। यूपी



एसटीएफ में एडिशनल एसपी विशाल विक्रम सिंह की टीम पेपर लीक मामले की जांच में जुटी हुई है। सीएम योगी ने भी कहा है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा. उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**गुरबचन गैंग का कनेक्शन**–गाजियाबाद से गिरफ्तार महिला अभ्यर्थी को नकल कराने वाले मोनू मालिक और कपिल की तलाश तेज हो गई है। मोनू मालिक और कपिल पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पेपर लीक करने वाले गुरबचन गैंग के सरगना हैं। पकड़ी गई महिला अभ्यर्थी रिया चौधरी को ब्लूटूथ के जरिए नकल कराने की कोशिश की जा रही थी। गुरबचन के जरिए ही अभ्यर्थी का कपिल मालिक और मोनू मालिक से संपर्क हुआ था। हालांकि, पुलिस ने गुरबचन और महिला अभ्यर्थी को अरेस्ट कर लिया है।

**वॉट्सऐप पर आंसर शीट भेजा**

लखनऊ के कृष्णा नगर से 18 फरवरी को नकल करते पकड़े गए अभ्यर्थी सत्य अमन को वॉट्सऐप पर आंसर शीट भेजने वाले नीरज के भी नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।लखनऊ पुलिस ने अभ्यर्थी सत्य अमन को भी अरेस्ट किया है। पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए कुल 48,17,442 एडमिट कार्ड जारी किए थे, इनमें से 43,13,611 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने आए थे।

# नागरिक 10 साल पुराने आधार कार्ड को 14 मार्च तक निशुल्क करवाएं अपडेट : उपायुक्त अनीश यादव

**करनाल।** उपायुक्त अनीश यादव ने जिलावासियों का आह्वान किया कि जिन लोगों के आधार कार्ड आठ से दस साल पहले बने थे वे सभी तुरंत अपने आधार कार्ड को अपडेट करवाएं ताकि भविष्य में उन्हें कोई परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि सरकार ने आधार को अपडेट करवाने की समयसीमा को बढ़ाकर 14 मार्च 2024 कर दिया है। अब 14 मार्च तक लोग स्वयं आधार को निशुल्क अपडेट करवा सकते हैं।

उपायुक्त ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने 10 साल पुराने आधार को अपडेट करवाएं। आधार को अपडेट करवाने से व्यक्ति को अनेक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इनमें आधार के संग वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना से राशन लेना आसान होगा, देश में किसी भी डिपो से राशन ले सकेगा। आधार के माध्यम से बैंक खाता खुलवाना आसान होगा, लाभार्थियों को आसानी से लगभग एक हजार डिजिटल सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। सिम कार्ड लेना, आधार से स्कॉलरशिप पाना, इनकम टैक्स रिटर्न करवाना तथा आधार से गुमशुदा लोगों को उनके परिवारजनों से मिलवाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत या सुझाव के लिए 1947 डायल करें या help@uidai.gov.in पर मेल करें। उपायुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों से पहचान के प्रमाण के रूप में स्वीकार करने से पहले आधार को सत्यापित करने का भी आह्वान किया है ताकि नकली व फोटोशॉप किए गए फर्जी आधार कार्ड की पहचान करने में मदद मिल सके।

उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि यूआईडीएआई के डाटा के मुताबिक जिला में बहुत से ऐसे नागरिक हैं, जिन्होंने पिछले 10 वर्षों में आधार में अपने दस्तावेज अपडेट नहीं किए हैं। इसलिए उन्होंने आधार धारकों से आग्रह किया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिन्होंने पिछले 10 वर्षों में अपने आधार को अपडेट नहीं किया है, वे पहचान के प्रमाण (पीओआई) तथा पते के प्रमाण (पीओए) के वैध सहायक दस्तावेजों के साथ आधार को माई आधार पोर्टल या एम आधार ऐप के माध्यम से ऑनलाइन या निकटतम आधार केंद्र पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से अपडेट करें।

उपायुक्त ने कहा कि पिछले एक दशक में आधार कार्ड भारत में निवासियों की पहचान के सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत प्रमाण के रूप में उभरा है। नागरिक अपने आधार को पहचान के वर्तमान प्रमाण और पते के प्रमाण के साथ अपडेट रखें। बड़ी संख्या में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं और वित्तीय संस्थान जैसे बैंक और एनबीएफसी ग्राहकों को प्रमाणित करने और ऑनबोर्ड करने के लिए आधार का उपयोग करते हैं। उन्होंने जिला वासियों से आग्रह किया कि वे आधार विवरण में अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी को अपडेट करें तथा 5 और 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक भी अवश्य अपडेट करवाएं।

# स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' निरंकारी सत्गुरु द्वारा 'प्रोजेक्ट अमृत' का शुभारंभ

**करनाल।** प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन कर कमलों द्वारा आज प्रातः 'अमृत परियोजना' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' का शुभारम्भ यमुना छठ घाट (आई. टी. ओ.) से किया गया। इसके साथ ही सतगुरु माता जी के पावन आशीर्वाद से यह परियोजना समूचे भारतवर्ष के 1533 से अधिक स्थानों, 24 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में विशाल रूप से एक साथ आयोजित की गई।बाबा हरदेव सिंह जी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के दिव्य निर्देशन में 'अमृत परियोजना' का आयोजन हुआ।इस परियोजना का शुभारम्भ करते हुए सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज ने जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परमात्मा ने हमे यह जो अमृत रूपी जल दिया है तो हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम सब उसकी उसी तरह संभाल करे।स्वच्छ जल के साथ साथ मनों का भी स्वच्छ होना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इसी भाव के साथ हम संतो वाला जीवन जीते हुए सभी के लिये परोपकार का ही कार्य करते है।उन्होंने फरमाया कि ईश्वर ने जितनी सुंदर धरती हमें प्रदान की है,इसे और निखारते हुए चलते जाना है।संत निरंकारी मिशन करनाल जोन के जोनल इंचार्ज आदरणीय सतीश हंस जी ने विस्तृत जानकारी दी कि 'अमृत परियोजना' के अंतर्गत आज करनाल सिथत पश्चिमी यमुना नहर पर बने तेईस छठ घाटों की



सफाई की गई।जिसमें मिशन के लगभग दो हजार श्रद्धालुओं ने समर्पित भाव से सेवा की।

इस कार्यक्रम की प्रबंध व्यवस्था बहुत ही उत्तम रूप से की गई जिसमें सभी सेवादारों एवं आंगतुको के बैठने, जलपान,पार्किंग, मेडिकल इत्यादि का समुचित प्रबंध किया गया।जोनल इंचार्ज आदरणीय संतीश हंस जी ने बताया कि अमृत प्रोजेक्ट के मध्य सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत विभिन्न जल निकायों हेतु समूचे देश में दिये गये दिशा निर्देशों का उचित रूप से पालन किया गया जिसमे रेड ज़ोन सभी के लिए पूर्णतः वर्जित था।कार्यक्रम का मुख्य स्थल येलो ज़ोन था और इसके अतिरिक्त ग्रीन ज़ोन में सुरक्षा हेतु महिलाओं एवं बालको के प्रवेश की अनुमति दी गयी।इस परियोजना में अधिक से अधिक युवाओं का सक्रिय योगदान रहा।कार्यक्रम के मध्य केवल पर्यावरण अनुकूल उपकरणों का ही प्रयोग किया गया। प्लॉस्टिक की बोतलों, थर्माकॉल इत्यादि का प्रयोग सभी के लिए पूर्णतः वर्जित था।कार्यक्रम में सम्मलित हुए सीएम के स्थानीय प्रतिनिधि संजय बठला,करनाल की मेयर रेणु बाला गुप्ता अतिथि गणों ने मिशन की भूरी भूरी प्रशंसा की और साथ ही निरंकारी सत्गुरु माता जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मिशन ने जल संकट से बचाव हेतु 'जल संरक्षण' एवं 'जल निकायो' की स्वच्छता जैसी इस कल्याणकारी परियोजनाओं को क्रियान्वित स्वरूप दिया है जो निश्चित रूप से समाज के उत्थान हेतु एक अहम कदम है। संत निरंकारी मिशन समय समय पर ऐसी ही अनेक परियोजनाओं में सक्रिय रूप से सम्मिलित रहा है जिनमें विशेषतः पर्यावरण संरक्षण हेतु 'वननेस वन परियोजना' और उसके उपरांत जल संरक्षण हेतु 'अमृत प्रोजेक्ट' प्रमुख है।

# लाहली-कलानौर रेल लाइन पर बनेगा आरओबी - उपायुक्त अजय कुमार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आज करेंगे शिलान्यास



**रोहतक-** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारतीय रेल के 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य, 1500 रोड ओवर ब्रिज व अंडरपास का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि इन 1500 रोड ओवर ब्रिज में से एक ब्रिज रोहतक जिला का भी है। उन्होंने बताया कि महम-बेरी रोड पर लाहली-कलानौर के बीच रेलवे फाटक पर आरओबी का निर्माण किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी इस आरओबी का भी शिलान्यास करेंगे। इस आरओबी के निर्माण पर लगभग 35 करोड़ रुपए की राशि खर्च होने का अनुमान है। रेलवे पोर्शन पर 36 मीटर का कंपोजिट स्टील गाटर लगाया जायेगा। इस आरओबी की लंबाई लगभग 800 मीटर व चौड़ाई करीब साढ़े 10 मीटर की रहेगी। रेलवे लाइन से ब्रिज की ऊंचाई 8.14 मीटर रहेगी।

# विकसित भारत बनाने के लिए पहला वोट भाजपा को दें मतदाता-नायब सैनी

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा है कि नव मतदाता विकसित भारत के सपने को साकार होता देखना चाहते हैं, इसलिए वे फिर से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्सुक हैं। नायब सैनी ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार में डूबी पार्टी बताया और कहा कि जो कांग्रेस परिवारवाद से बाहर नहीं निकल पा रही, वह जनता का कभी भला नहीं कर सकती। श्री सैनी ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार ने सेवा, सुशासन और जनकल्याणकारी सरकार दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी रविवार को भारतीय जनता पार्टी के जीटी रोड स्थित कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 110वां मन की बात कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर सुना और इसके बाद श्री सैनी अपने स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए। स्वागत समारोह के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने दीवार लेखन किया और कार्यकर्ताओं तथा जनता से एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए



कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात के माध्यम से देश के युवाओं से जुड़ते हैं, अपने अनुभव साझा करते हैं, इससे लोगों का उत्साह बढ़ता है। उनके आत्मविश्वास को बल मिलता है और यही आत्मविश्वास युवाओं के आत्मनिर्भरता का आधार बनता है। श्री सैनी ने कहा कि भारत एक आत्मनिर्भर देश बनेगा, इसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने सभी युवाओं का आह्वान किया कि अपने व्यक्तित्व विकास पर बल दें और देश के विकास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साथ दें। उन्होंने युवाओं से अनुरोध किया कि वे मधुमक्खी पालन, गौ पालन और बकरी पालन करके स्वयं और साथियों को भी रोजगार प्रदान करें। इन योजनाओं पर अनुदान व बीमा योजनाओं का भी लाभ उठाएं।

नायब सैनी ने कहा कि संगठन और कार्यकर्ताओं के परिश्रम के कारण ही करनाल लोकसभा क्षेत्र रिकॉर्ड जीत के मामले में भारत में दूसरे नम्बर पर रहा था। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ता परिश्रम करके करनाल लोकसभा सहित हरियाणा की सभी दस सीटें भाजपा की झोली में डालेंगे। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि अबकी बार 400 पार और फिर एक बार मोदी सरकार के नारे को सार्थक करेंगे।

मन की बात कार्यक्रम के बाद नायब सैनी विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एडवोकेट सुभाष सैनी द्वारा आयोजित सम्मान और स्वागत कार्यक्रम में पहुंचे जहां उनका फूल मालाओं से जबरदस्त स्वागत हुआ। प्रदेश अध्यक्ष को मोटरसाइकिल रैली निकाल कर भाजपा जिला कार्यालय (जीटी रोड) तक लाया गया। इस रैली का नेतृत्व जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बलविन्द्र आर्य ने किया। रैली के दौरान सभी वर्गों का उत्साह देखते ही बनता था और रैली के आरंभ और समापन तक मुख्य अतिथि पर फूलों की वर्षा होती रही।

भाजपा जिला कार्यालय में पहुंचने पर करनाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, भाजपा वरिष्ठ नेता नीतिसेन भाटिया, शहरी विधायक प्रमोद विज, ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा, प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, जिला प्रभारी उमेश शर्मा, जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, भाजपा नेता संजय छोक्कर, गजेन्द्र सलूजा, विजय जैन, देवेन्द्र दत्ता, जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, पूर्व मेयर अवनीत कौर और जिला के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और कर्मठ कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। मंच संचालन जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वन्दे मातरम और भारत माता की जय के साथ हुआ।

पानीपत के भाजपा जिला कार्यालय में ऑनलाइन माध्यम से लाइव चल रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के 110वें कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के साथ सांसद संजय भाटिया, विधायक प्रमोद विज आदि सहित तमाम नेताओं और सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने सुना। संजय भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिन रात मेहनत करके देश के विकास को गति दी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी चाहिए।

# आईजीयू में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के रसायन विज्ञान विभाग और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरपुर के संयुक्त तत्वावधान में तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मीरपुर से दंतचिकित्सक डॉ. मोनिका गुप्ता ने विद्यार्थियों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने पोस्टर से तंबाकू के सेवन न करने के बारे में संदेश दिया। प्रतियोगिता में छात्रा मुस्कान प्रथम, नेहा द्वितीय और गीता चौधरी तृतीय स्थान पर रहीं। विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि पुंडीर ने सभी को कार्यक्रम के सफलतापूर्वक समापन पर बधाई दी।

# शक्ति वंदन महिला स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ सम्पर्क अभियान का किया आयोजन




**करनाल।** सेक्टर-9 स्थित भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में सांसद संजय भाटिया की अध्यक्षता में शक्ति वंदन महिला स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ सम्पर्क अभियान का आयोजन किया गया। बैठक में मेयर रेणु बाला गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहीं। सांसद ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा विवाह शगुन योजना, आयुष्मान, विभिन्न पेंशन योजनाओं, छात्रवृति, स्किल कौशल जैसी अनेकों कल्याणकारी योजनाए चलाई जा रही हैं। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वह जरुरतमंदों की सेवा करते हुए सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। बैठक में हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरमैन निर्मला बैरागी, करनाल भाजपा प्रभारी भारत भूषण जुयाल, लोकसभा विस्तारक शशि दुरेजा, पूर्व पार्षद मेघा भंडारी, समाजसेवी एसपी चौहान व प्रियंका कठपाल सहित जिले भर की संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# शिक्षा के बिना मानव जीवन का विकास नहीं: राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

**गुरुग्राम।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने रविवार को यहां केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में युवाओं को डिग्री वितरित करने के उपरांत कहा कि शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है। शिक्षित युवा ही अपने देश और प्रदेश के विकास को बुलंदियों तक पहुंचा सकते हैं।

यूनिवर्सिटी के छठे वार्षिक दीक्षांत समारोह राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बोले कि शिक्षा के महत्व को देखते हुए ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में नई शिक्षा नीति को लागू किया है। जिसमें गुणात्मक सुधार, तकनीकी कौशल, रोजगार के अवसर एवं नैतिक मूल्यों पर अधिक बल दिया गया है। बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि उच्च शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात युवा अपनी आजीविका के लिए कहीं भी जाएं, किंतु उनको अपने मूल स्थान को कभी नहीं भूलना चाहिए। खासतौर से अपने माता-पिता को, जिन्होंने त्याग और तपस्या से अपनी संतान को एक काबिल इंसान बनाया है।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने इस बात पर खुशी जताई कि महिलाएं शोध के विषय में आगे बढ़ कर काम कर रही हैं। महिलाओं का प्रगति करना हमारे समाज की उन्नति के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को नवाचार में रुचि लेकर मानव जीवन की जटिलताओं को दूर करने में योगदान देना होगा। हर साल लाखों छात्र-छात्राएं



डिग्री धारण करते हैं। इन सभी को सरकार की ओर से रोजगार देना संभव नहीं है। युवाओं को अपनी निपुणता बढ़ा कर स्वरोजगार की दिशा में कदम रखना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कौशल विकास एवं रोजगार सृजन के अनेक कार्यक्रम शुरू किए हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी ऊर्जा लगाएं। यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति पद्मश्री प्रो. दिनेश सिंह ने कहा कि युवा अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहें। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 562 विद्यार्थियों को डिग्रियां दी गई हैं, इनमें 34 पीएचडी की, स्नातकोत्तर की 171, स्नातक की 364 व बाकी डिप्लोमा धारक शामिल हैं।

# लोकसभा चुनावो मे 400 सीट जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित करेगी भाजपा : देवेंद्र कामरा



**तरावड़ी, 25 फरवरी (रोहित लामसर)।** कष्ट निवारण समिति के सदस्य एवं भाजपा नेता देवेंद्र कामरा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा पार्टी ओर मजबूत होती जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में हर वर्ग के लोगों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में लोकसभा चुनावों में भी भाजपा पार्टी की ऐतिहासिक जीत होगी। कष्ट निवारण समिति के सदस्य एवं भाजपा नेता देवेंद्र कामरा तरावड़ी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। देवेंद्र कामरा के नेतृत्व में सभी कार्यकर्त्ताओं ने बूथ नंबर-113 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। उन्होंने बताया कि तरावड़ी में भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना और भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का भी संकल्प लिया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए कष्ट निवारण समिति के सदस्य एवं भाजपा नेता देवेंद्र कामरा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश मे सबका साथ सबका विकास पर आगे बढ़ते हुए खूब विकास कार्य करवाए हैं। उन्होंने कहा की आने वाले लोकसभा चुनावो मे भाजपा 400 सीट जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश तरक्की की राह पर अग्रसर हैं। हरियाणा प्रदेश लगातार आयाम छू रहा है। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रमुख राजेश छाबड़ा, पवन कामरा, सतीश सेठी समेत कई कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# धारूहेडा में सन्त गुरु रविदास जी की 647वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई

**धारूहेड़ा, ।**

सन्त शिरोमणी गुरु रविदास सेवा समिति के सौजन्य से व नगरवासियों की ओर से बीते शनिवार को शहर के सोहना रोड स्थित अनुसूचित जाति चौपाल में विश्व गुरु सन्त शिरोमणी गुरु रविदास जी की 647वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका के वाइस चेयरमैन अजय जांगड़ा ने शिरकत की । इस अवसर पर सन्त शिरोमणी गुरु रविदास जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई । जो कार्यक्रम स्थल से प्रारम्भ होकर सर्कुलर रोड, मेन बाजार व भगत सिंह चौक होती हुई वापिस कार्यक्रम स्थल पर संपन्न हुई । शोभा यात्रा को भाजपा मंडल अध्यक्ष राम निवास प्रजापति ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की । कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अजय जांगड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया ।

इस मौके पर मुख्य अतिथि अजय जांगड़ा ने गुरु रविदास जी की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा मन चंगा तो कठौती में गंगा पर विस्तार पूर्वक बताया । इस कार्यक्रम में प्रोफेसर सूबे सिंह जाटव व हिंदी प्रवक्ता राजेंद्र सिंह ने भी उपस्थित लोगो को गुरु जी के बारे मंच के माध्यम गुरु जी बताएं गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया । मंच का संचालन मुख्य अध्यापिका श्रीमति सुशील कांत व समिति के महा सचिव यशपाल शौर्य ने किया । कार्यक्रम के अंत में समिति के प्रधान सुन्दर लाल बुराहडिया ने आए हुए अतिथियों का तहदिल से धन्यवाद किया । इस मौके पर डॉ रवि कुमार, अपना समाज संगठन समिति के तेज सिंह शौर्य, नगर पार्षद राजकुमार शौर्य, पार्षद पति अनिल कुमार, पार्षद अनिरुद्ध उर्फ नानक, विकास शर्मा, मंगल सिंह शौर्य, धर्मवीर रंगा, चाप सिंह शौर्य, प्रशांत, मुकेश कुमार सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# कांग्रेस ने कोसली में चलाया घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान

**कोसली**

घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत रोहतक लोकसभा प्रभारी दीपक वेद व कोसली विधानसभा इंचार्ज संजय यादव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा इंचार्ज संजय यादव बहाला ने कहा राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा से एक मात्र सांसद हैं जो राज्यसभा में जनता की समस्या को राज्यसभा उठाते है।कांग्रेस पार्टी ने संकल्प लिया है कि कांग्रेस पार्टी की साबित हुआ है।

युवा रोजगार के अवसरों के लिए तरस रहे हैं, कर्मचारी सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं, महिलाएं महंगाई के कारण घर चलाने में दिक्कतों का सामना कर रही हैं। प्रदेश सरकार



बव्वा,गढ़ी,नया गांव,पल्हावास दौरा किया। यहां लोगों से मुलाकात करते हुए कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार किया। इस अवसर पर प्रभारी दीपक वेद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सभी नीतियां जनता के हित में है और कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो आम आदमी का भला कर सकती है। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार से समाज का हर वर्ग दुखी है। सरकार की जन विरोधी नीतियों के चलते महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है जिससे जनता में रोष है। कोसली सरकार बनने पर ?500 में गैस सिलेंडर, ओल्ड पेंशन स्कीम दोबारा चालू की जाएगी, बिजली की 200 यूनिट फ्री, बुजुर्गों को ?6000 पेंशन, गरीबों को मुफ्त प्लांट के अलावा महंगाई कम करने के प्रयास किए जाएंगे और युवाओं को पक्की नौकरी दी जाएगी। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव ने कहा कि पूरा प्रदेश भाजपा-जजपा के कुशासन से त्रस्त है। किसान एमएसपी के लिए तरस रहे हैं, प्रधानमंत्री का 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने का वादा झूठा भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और राज्य में कानून व्यवस्था चौपट हो चली है।यादव ने कहा कि कोसली भी विकास की सड़क पर दौड़ रहा था लेकिन बीते दस सालों में कोसली को भी सरकारी भेदभाव का शिकार होना पड़ा है। इस अवसर पर सम्राट राव , ओमप्रकाश डाबला,तिलक यादव,श्योराज़ पूर्व सरपंच भुरथला, गजराज पूर्व सरपंच , धर्मेंद्र ठाकुर , सतबीर मास्टर , सतीश प्रधान नाहड, बाबा अमर सिंह , बीजेंद्र पूर्व सरपंच, रामपत पूर्व सरपंच आदि मौजूद थे।

# पीएम मोदी आज करेंगे गुरुग्राम स्टेशन नवीनीकरण का शिलान्यास - राव इंद्रजीत

**गुरुग्राम।** सोमवार 26 फरवरी को देश के पीएम नरेंद्र मोदी देश को रेलवे की अनेक परियोजनाओं का शुभारंभ व शिलान्यास वर्चुअल माध्यम से करेंगे। जिसमें गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण की योजना भी शामिल है । जिस पर करीब 295 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने कहा कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन अपग्रेडेशन के बाद विश्व स्तर की सुविधा विकसित की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी देश को रेलवे की हजारों करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ व शिलान्यास करेंगे जिनमें विभिन्न आरओबी और आरयूबी भी शामिल है । केंद्रीय मंत्री ने बताया कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन का अपग्रेडेशन दो चरणों में होगा। पहले चरण में करीब 295 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे और दूसरे चरण में भी करीब इतनी ही राशि खर्च की जाएगी। अपग्रेडेशन कार्य में खास बात यह होगी कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन को दो एंट्रियां मिल जाएंगी। राजेंद्र पार्क की ओर से भी गुड़गांव के लोगों को रेलवे स्टेशन के लिए प्रवेश मिलेगा । दौलताबाद फ्लाईओवर से गुजरने वाले वाहन भी सीधे स्टेशन से जुड़ जाएं इसकी भी योजना तैयार की जा रही है। रेल भूमि विकास प्राधिकरण गुरुग्राम स्टेशन के अपग्रेडेशन योजना को तैयार कर



रहा है। नए अपग्रेडेशन प्लान के अनुसार रेलवे स्टेशन के आसपास कॉलोनी में रहने वाले लोगों की पुरानी मांग सीमेंट याड को हटाने की पूरी हो जाएगी। राव ने बताया कि उन्हें कई बार आसपास की कॉलोनी के लोगों की शिकायतें प्राप्त हुई थी। सीमेंट यार्ड होने के कारण उनके घरों में सीमेंट की धूल व सांस लेने में काफी दिक्कत का का सामना करना पड़ता है। राव ने बताया कि अपग्रेडेशन प्लान में उन्होंने रेलवे अधिकारियों को सीमेंट यार्ड को स्थानांतरित करने के निर्देश दिए थे। जिसे अपग्रेडेशन प्लान में शामिल कर लिया गया है। राव ने बताया कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन अपग्रेडेशन योजना के तहत करीब 12 लिफ्ट, एक्सीलेटर्स, दो मंजिला फूड कोर्ट, फुट ओवर ब्रिज,मल्टीलेवल पार्किंग, सोलर पैनल आदि लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया इससे पूर्व रेलवे की ओर से पटौदी रोड व रेवाड़ी- रेलवे स्टेशन का चयन अमृत भारत मिशन के तहत किया था, जिन पर काम शुरू कर दिया गया है।

# प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह आयोजित, 200 विद्यार्थियों सम्मानित




फरीदाबाद की आवाज

**रेवाड़ी।** गांव सीहा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 200 विद्यार्थियों तथा दो दर्जन शिक्षकों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन व योगदान हेतु सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि आध्यात्मिक विचारक स्वामी नरोत्तमदास महाराज थे। अध्यक्षता महंत शंकरदास महाराज ने की। प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्वामी नरोत्तमदास ने नए शैक्षणिक सत्र के दाखिला अभियान श्रीगणेश किया गया तथा विद्यालय के वार्षिक उपलब्धि-पत्र का लोकार्पण किया। उन्होंने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट को समाज तथा शिक्षा विभाग के लिए प्रेरक बताते हुए सामाजिक संगठनों तथा ग्रामीणों को गांव के ऐतिहासिक सरकारी स्कूल के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

शंकरदास महाराज ने विद्या मंदिर को सबसे बड़ा पूजा स्थल बताया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि दीपक यादव तथा युवा चेतना संगठन सीहा के प्रधान नरेश भारद्वाज व महासचिव प्रदीप यादव लुहाना को विद्यालय के इस सत्र के सबसे बड़े सहयोगी के रूप में समाजसेवा-शिरोमणि सम्मान से अलंकृत किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद भी विद्यालय में सेवाएं दे रहे अध्यापक विजयपाल सिंह निमोठ, ठेकेदार प्रदीप कुमार, पेंटर नवीन कुमार, प्राध्यापक प्रह्लाद सिंह, मोहनलाल, हरपाल, लक्ष्मी यादव, नरेश कुमार आदि को सम्मानित किया गया। विद्यालय के करीब 200 बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में राज्य तथा मंडल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत किया गया, जिनमें हर माह के सर्वश्रेष्ठ छात्र, सर्वश्रेष्ठ सदन तथा सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, युवा संसद टीम, कानूनी साक्षरता,कला उत्सव, डिजिटल क्लब, विज्ञान प्रदर्शनी, कल्चरल फेस्ट,बुनियाद आदि क्षेत्र उल्लेखनीय हैं। इस अवसर पर 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई कार्यक्रम में विद्यार्थियों कशिश, सुनैना, प्रीति, मनीष, कोमल, अंशु, अक्षरा, सुषमा, खुश्बू ने मार्मिक विदाई गीत, काव्यपाठ, लोकनृत्य, भाषण आदि से भावविभोर कर दिया। पूरे स्टाफ के लिए टाइटल तथा 12वीं कक्षा के लिए लकी ड्रा समारोह के मुख्य आकर्षण रहे। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान नरेश कुमार ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर स्टाफ सचिव यशपाल आर्य, अध्यापक शक्ति सिंह आदि उपस्थित रहे।

# उद्यमी बनी धनकोट की रिचा, महिलाओं को बना रही आत्मनिर्भर

फरीदाबाद की आवाज

**धनकोट/गुरुग्राम।** वैसे सरकार स्वयं सहायता समूह के जरिए रोजगार व स्वरोजगार योजना द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की मंशा से काम कर रही है। गुरुग्राम के धनकोट निवासी रिचा गुप्ता पिछले 4 वर्षो से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में जी जान से जुटी हुई है। रिचा गुप्ता सभ्य और संपन्न परिवार से संबंध रखते हैं लेकिन उन्होंने घरों में झाड़ू पोछा करने वाली महिलाओं को शर्मिंदगी से छुटकारा दिलाने के लिए स्वयं सहायता समूह से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है। 4 वर्ष पहले शुरू किए गए इस अभियान में उनके साथ कोई नहीं था लेकिन धीरे-धीरे एक के बाद एक महिलाएं उनसे जुड़ने लगी और आज एक पूरा कारवां उनके साथ काम कर रहा है। रिचा गुप्ता द्वारा बनाए गए श्री वरदांता




सेल्फ हेल्प समूह से इस समय 70 से 80 महिलाएं जुड़ी हुई है। रिचा गुप्ता ने बताया कि वह तेल, अचार, कैंडी, मुरब्बा, मसाले, धूप बत्ती और शहद बना रहीं हैं। प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से वह सभी सब्जियां खरीदती हैं और लोगों की सेहत का ख्याल रखते हुए उन्हें ऑर्गेनिक मसाले और अचार के साथ-साथ सभी तरह के मुरब्बे भी सप्लाई कर रही है। उन्होंने बताया कि उनके आसपास आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं रोज़गार के लिए आती है। उन्हे स्वयं सहायता समूह से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य निरंतर कर रही हैं जिसकी वजह से आज महिलाएं उनसे जुड़कर खुद का व्यवसाय चल रही है। उद्यमी महिला रिचा गुप्ता दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी हुई है। वह बाकी महिलाओं को भी उधमिता से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनकर गर्व से जीना सिखा रही है। उनके इस अभियान में उनके साथ देने वाली ज्योति, वंदना, सुनीता, त्रिवेणी और सपना है जो हर वक्त महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में उनकी सहायता करती है। आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को स्वावलंबी बनाना उनका मुख्य मकसद है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र एवं कृषि विज्ञान केंद्र बावल में आयोजित सरसों मेले में उद्यमी महिला रिचा गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ अचार बनाने वाली महिला के लिए प्रथम पुरस्कार से भी नवाजा गया है।

# जूनियर ने सीनियर छात्राओं को ढोल-बाजे से किया विदा



फरीदाबाद की आवाज

**बावल।** बावल के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें 11वीं कक्षा की छात्राओं ने अपनी सीनियर 12वीं कक्षा की छात्राओं को ढोल-बाजे से विदा किया और अपनी प्रस्तुतियों से उनका भाव-विभोर कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मी गौड़ ने कहा कि यह स्कूल का नियम है कि शिक्षा के लिए और सेवार्थ के लिए जाओ। 12वीं तक की पढ़ाई पूरी होने के बाद विद्यार्थी अपने लक्ष्य में जुट जाता है। इस मौके पर मिस फेयरवैल के रूप में पारूल व संजना को चुन कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गीता, निहारिका, पुष्पा, सुमन यादव, मीनाक्षी, सुरेन्द्र सिंह, राजकुमार, दिनेश कुमार आदि सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

# आपसी भाईचारे और जात-पात का जहर घोल रही है भाजपाः कुलदीप गुर्जर

फरीदाबाद की आवाज

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के भोंडसी क्षेत्र जोधा फार्म हाउस में 24 फरवरी को होने वाली कांग्रेस पार्टी की सता परिवर्तन रैली को लेकर आज रैली स्थल पर कांग्रेस युवा प्रदेश सचिव कुलदीप गुर्जर ने कहा कि भाजपा के पिछले 10 वर्षो के कार्यकाल में क्षेत्र की जनता दुखी है, खासतौर से सोहना विधानसभा क्षेत्र विकास कार्यो से वंचित है, इस दौरान सरकार मस्त नजर आ रही है, जबकि जनता समस्याओं से त्रस्त है, भाजपा सरकार जनता को हिन्दू मुस्लिम करके लड़ा रही है और आपसी भाईचारा खराब कर रही है। सरकार की गलत नीतियों और उनके अत्यचारों के खिलाफ सता परिवर्तन रैली का आगाज किया गया है। उन्होंने कहा सता परिवर्तन रैली में क्षेत्र की जनता एकजुट होकर एकता की मिशाल देगी और तानाशाही भाजपा सरकार को उखाड़ फेकने के लिए इसी रैली स्थल से आगाज करेगी। जहां जहां भाजपा की सरकारे है वहां वहां जनता को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, और सरकार उनकी समस्याओं को ध्यान नही रखती और अपने निजी हितों को साधने में लगी हुई है। प्रेसवार्ता में कुलदीप ने लोगों से समर्थन



मांगा और रैली में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि यह एक सामाजिक समर्थन का मौका है और 36 बिरादरी के लोगों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित करते है।

# पदोन्नत प्राचार्यों तथा राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेताओं को किया सम्मानित

फरीदाबाद की आवाज

**रेवाड़ी।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) का वार्षिक उत्सव 'हसला महोत्सव' शहर के सनसिटी स्थित केंद्र में आयोजित किया गया। हरियाणा लोक सेवा आयोग के सदस्य ममता यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी नसीब सिंह की। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह नारा, डीपीसी महेंद्र सिंह खनगवाल तथा समाजसेवी विजयपाल यादव ने विशिष्ट अतिथि की भूमिका निभाई। हसला के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अनिल यादव, वर्तमान प्रदेशाध्यक्ष सतपाल सिंधु मुख्य वक्ता तथा जिला प्रधान रविन्द्र यादव भाकली स्वागताध्यक्ष रहे। इस अवसर कार्यक्रम में जिले के सभी नव पदोन्नत प्राचार्यों तथा राज्य शिक्षक पुरस्कार से अलंकृत शिक्षकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हसला के वार्षिक कैलेंडर का लोकार्पण भी किया गया। मेहमानों द्वारा दीपार्चन, हांसाका स्कूल की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए स्वागत नृत्य तथा स्वागताध्यक्ष के शाब्दिक अभिनंदन से प्रारंभ हुए इस महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए श्रीमती यादव ने कहा संगठनों को समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभाते हुए आगे बढ़ना चाहिए। अध्यक्षीय संबोधन जिला शिक्षा अधिकारी ने संगठन द्वारा सम्मान समारोह आयोजित करने की पहल को प्रेरक बताया। मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए हसला के पूर्व तथा वर्तमान अध्यक्ष ने संगठन की प्राथमिकता को रेखांकित करते हुए हसला की संघर्ष यात्रा को रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि श्री नारा,श्री खनगवाल तथा श्री यादव ने सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाले सभी प्रतिनिधियों को बधाई दी। हसला के जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह के संचालन में आयोजित इस समारोह में शताधिक पदोन्नत प्राचार्यों तथा राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति की ओर से ब्रह्मानंद यादव धर्मेंद्र यादव,सरिता, सत्यपाल यादव,विजय सिंह, गजराज, पवन, सुनीता, सुधीर, नरेश कुमार आदि ने मेहमानों को प्रतीक चिह्न भेंट किये। इस अवसर खंड शिक्षा अधिकारी सत्यपाल धूपिया, संतोष तंवर, राजेंद्र शर्मा, राजेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# आईआईटी मेंस में सफलता पाने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**रेवाड़ी।** कोसली के आरपीएस के 28 विद्यार्थियों ने आईआईटी मेंस में से सफलता अर्जित की है। दो छात्राओं ने सीए फाऊंडेशन तथा एक छात्र ने सीए इंटरमीडिएट क्वालीफाई किया है। शुक्रवार को सभी विद्यार्थियों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के प्रवक्ता वीर कुमार, विशिष्टातिथि स्कूल चेयरमैन श्री भगवान यादव, चेयरपर्सन सुमन यादव, स्कूल निदेशक हंसराज यादव, प्रबंधन समिति सदस्य मोहिनी यादव थे।

आयुद्ध 98.44 परसेंटाइल लेकर



स्कूल में अव्वल रहे। जतिन 98.7, प्रिंस 98.7, अरमान शर्मा 97.7, खुशी 97.44, तुषार 96.77, मोहित यादव 94.8, राहुल 93.89, अंशिका 92.68, रमन ने 92.34, दीपेश ने 92.9, विवेक ने 91.9, रीतिका ने 90.48, नितिन ने 90.17 परसेंटाइल प्राप्त किया। इसके अलावा हिमांशु, विनय, हिमांशी, अमित, विशु शर्मा, पराग, आयुष यादव, विदित, मुसकान, आदित्य कुमार, प्रियांशी, पारुल यादव, प्रियांशु, यशस्वी ने भी अच्छी परसेंटाइल के साथ सफलता अर्जित की है। खुशी पुत्री प्रवीण व प्राची पुत्री संजय ने सीए फाऊंडेशन, अंकित पुत्र महावीर सिंह ने सीए इंटरमीडिएट क्वालीफाई किया है।

वीर कुमार यादव ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी। स्कूल चैयरमेन श्रीभगवान यादव ने कहा कि जो विद्यार्थी संस्कार, संस्कृति, अनुशासन, चरित्रवान होता है, वही विद्यार्थी सफलता अर्जित कर सकता है। इस मौके पर प्राचार्या संजना कटोच व उप प्राचार्य डा. सज्जन सिंह, सीनियर कोआर्डिनेटर प्रवीण यादव व कोआर्डिनेटर ओमबीर यादव भी उपस्थित थे।

# क्राइम डायरी

## फरीदाबाद पुलिस के 92 हवलदार पदोन्नत होकर बने थानेदार



फरीदाबाद की आवाज

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस के 92 मुख्य सिपाही पदोन्नत होकर सहायक उपनिरीक्षक बने हैं। इस उपलक्ष में पुलिस आयुक्त कार्यालय के प्रांगण में स्टार सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने पदोन्नत हुए पुलिसकर्मियों को सितारा लगाकर बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। पदोन्नति प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मी बहुत खुश थे और उन्होंने पुलिस आयुक्त का धन्यवाद किया। इस अवसर पर संयुक्त पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल, डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, डीसीपी सेंट्रल जसलीन कौर, एसओ इंस्पेक्टर भारतेंद्र सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिहं ने बताया कि पदोन्नत हुए पुलिसकर्मियों में मुख्य सिपाही राम सिंह, सुनील कुमार, सतपाल, कुलवीर, मोनू, भूपेंद्र, सत्यवान, लोकेश, रवि शंकर, अमित कुमार, दीपक, जसविंदर, राजेश कुमार, राज नारायण, राजकुमार, कुलदीप, राकेश कुमार, नरेंद्र, मानसिंह, सतेंद्र, रविंद्र, तोताराम, सुरेंद्र कुमार, शमशेर सिंह, राजेंद्र, राजेश, मोहम्मद यूनिस, पवन कुमार, अरुण सिंह, सतीश, युसूफ खान, वीरपाल, अजीत सिंह, बलवान सिंह, राकेश कुमार, यशपाल, सुरेंद्र, हरविंदर, रिंकू, गुलशन, संदीप कुमार, परविंदर सिंह, विजय कुमार, देवेंद्र, मोनू, कृष्ण कुमार, करण सिंह, विजय कुमार, मुकेश कुमार, संजीत, समसुद्दीन, सोमबीर, नावेद अहमद, राजीव कुमार, जयवीर, मुकेश कुमार, धर्मबीर, सुधीर, वीर सिंह, नासिर अली, रोहताश कुमार, रवि, अमित कुमार, संदीप कुमार, योगेंद्र सिंह, विनोद कुमार, बलदेव, उमेश कुमार, बिजेंद्र सिंह, रणधीर सिंह, संदीप कुमार, राजकुमार, ईश्वरलाल, देवेंद्र, प्रहलाद सिंह, राजेंद्र कुमार, सुनील कुमार, प्रवेश कुमार, इशाक खान, जमशेद अली, विकास, विक्रम सिंह, राजीव कुमार, अमित बलियान, सतबीर सिंह, महाबीर सिंह, सुरेंद्र कुमार, पवन कुमार, दीवान सिंह व सन्नी तथा महिला मुख्य सिपाही मनजीत तथा राजबाला का नाम शामिल है। पुलिस आयुक्त ने उक्त सभी पुलिसकर्मियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके कड़ी तपस्या और मेहनत की बदौलत उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों ने पुलिस विभाग के विभिन्न पदों पर कार्यरत रहकर अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रमोशन के साथ-साथ उनकी जिम्मेवारियां भी बढ़ी है इसलिए अपने पद की गरिमा बनाए रखें तथा पुलिसकर्मी ओर ज्यादा मेहनत करते हुए ईमानदारी और सच्ची निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करें।

## एसीपी ट्रैफिक ने ऑटो प्रधानो एवं प्राईवेट बस संचालको के साथ मीटिंग कर यातायात व्यवस्था के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

फरीदाबाद की आवाज

**फरीदाबाद-** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के आदेश एवं यातायात पुलिस उपायुक्त अमित यशवर्धन के दिशा निर्देश पर जितेश मल्होत्रा, सहायक पुलिस आयुक्त, यातायात फरीदाबाद द्वारा जिला फरीदाबाद के ऑटो प्रधानो एवं प्राईवेट बस संचालको के साथ मीटिंग की गई। जिसमे जिला फरीदाबाद की यातायात, कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक निर्णय लिए गए।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि अभी हाल ही में पुलिस आयुक्त ने क्राइम मीटिंग के दौरान यातायात सुधार के संबंध में निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में मीटिंग के अध्यक्ष जितेश मल्होत्रा एसीपी यातायात द्वारा ऑटो प्रधानो एवं प्राईवेट बस संचालको को निम्नलिखित दिशा-निर्देश दिये गयेः-

1. सभी ऑटो चालक वर्दी पहनकर ही ऑटो चलाएंगे। बिना वर्दी के ऑटो चलाने वाले ड्राइवरों के चालान काटे जाएंगे।



2. सभी ऑटो पर ढ्रढ़ प्लेट लगवाना अनिवार्य है। अतः जिन ऑटो पर ढ्रढ़ प्लेट नहीं है, वह जाकर ढ्रढ़ प्लेट लगवाना सुनिश्चित करें।

3. ऑटो में तेज ध्वनि से म्युजिक बजाने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

4. सभी ऑटो स्टैंड पर सूचनात्मक बोर्ड लगवाये जाएं कि सवारियां उन्ही ऑटो में यात्रा करे जिन पर UIN प्लेट लगी हुई है।

5. सभी ऑटो प्रधान सुनिश्चित करे कि अंडर ऐज लड़के ऑटो ना चलाएं।

6. जो भी ऑटो जिला फरीदाबाद में बिना पीली प्लेट के चल रहे है उनके बारे यातायात पुलिस को अवगत कराया जाए। पुलिस उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

7. सभी ऑटो प्रधान अपने अपने ऑटो स्टैंड पर सम्बंधित जोन प्रभारी एवं जोनल अफसर के साथ मिलकर यातायात नियमो बारे जागरूकता अभियान आयोजित कराएंगे ताकि अधिक से अधिक लोग सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ऑटो प्रधान के साथ की गई बैठक से ऑटो चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता पैदा होगी और वह यातायात पुलिस द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का पालन कर यातायात प्रबंधन में फरीदाबाद पुलिस का सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## यातायात पुलिस द्वारा सुरक्षित वाहन पॉलिसी के अन्तर्गत नियमों का उल्लंघन करने वाली स्कूल बस के खिलाफ़ चलाया विशेष अभियान

फरीदाबाद की आवाज

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश आर्य के निर्देशानुसार एवं पुलिस उपायुक्त यातायात अमित यशवर्धन के नेतृत्व में ट्रैफ़िक पुलिस द्वारा विशेष अभियान के तहत सुरक्षित वाहन पॉलिसी के अन्तर्गत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली स्कूल बस के 74 चालान किए गए। अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के ई-चालान एवं पोस्टल चालान सहित कुल 1002 चालान किए गए। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन में इस विशेष अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों एवं शहर वासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है परंतु कुछ वाहन चालक नियमों की अनदेखी करते हुए यातायात नियमों का पालन नहीं करते इसलिए उनके खिलाफ एक विशेष अभियान चलाकर चालान किए गए हैं। फरीदाबाद पुलिस का लगातार प्रयास रहता है कि स्कूल के विद्यार्थियों एवं शहरवासियों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाया जा सके तथा यात्री और विद्यार्थी सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सके। इसलिए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें ताकि उनका सड़क दुर्घटना से बचाव हो सके। फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा यात्रा सुधार व ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर चालान काटने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है एवं सुरक्षित वाहन पॉलिसी के तहत विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए इस प्रकार के अभियान जारी रहेंगे ।




## देशी कट्टा व जिंदा रोंद सहित आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर 17 की टीम ने किया गिरफ्तार

फरीदाबाद की आवाज

**फरीदाबाद।** डीसीपी अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर 17 प्रभारी इंस्पेक्टर अशोक कुमार की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हसीन सेक्टर 62 फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सीएनजी पंप नजदीक सेंट्रल



थाना के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर पूर्व में चोरी और लड़ाई झगड़े के मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी देसी कट्टे व जिंदा रोंद को मुंह से किसी व्यक्ति से 4500/-? में खरीदकर लाया था। आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देते समय लोगों में भय बनाकर अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए यह देसी कट्टा लाया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

## महिला थाना टीम ने साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा और डायल 112 के संबंध में विद्यार्थियों व अध्यापकगणों को किया जागरूक

फरीदाबाद की आवाज

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर फरीदाबाद श्री राकेश कुमार आर्य के आदेश और मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस के द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में डीआईजी राजेश दुग्गल डीसीपी बल्लबगढ़ के निर्देश अनुसार बल्लभगढ़ महिला थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर पूनम और उनकी पुलिस टीम ने गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल सेक्टर 8 बल्लभगढ़ में अध्यापक गण और छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, नशे से बचने और डायल 112 एप के बारे में बतलाया।

**साइबर क्राइम के संबंध में-**

वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी गई तथा बचाव के संबंध में किसी को भी अपनी बैंक डिटेल,ओटीपी शेयर न करने, अज्ञात फर्जी नंबरों से आने वाले फोन कॉल से सावधान रहने की अपील की गई।यह भी बताया कि एक महिला कैसे फोन पर आने वाली कॉल्स और मैसेज के झांसे में आने से बचें. अगर हर व्यक्ति अनजान कॉल और मैसेज से बचने लगे तो साइबर अपराध पर अंकुश लग जाएगा। साइबर ठगी के मामले में 1930 पर संपर्क करें

महिला सुरक्षा के संबंध में सुझाव- महिला बल्लभगढ़ थाना प्रबंधक निरीक्षक पूनम ने बताया कि प्रशासन के साथ हम महिलाओं को भी आगे आना चाहिए व अपराध व अपराधियों से सजग रहना, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए।महिला सुरक्षा व उनके अधिकारों के लिए पुलिस प्रशासन ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। साथ ही आत्म रक्षा के लिए उठाए जाने वाले तरीकों के बारे में भी बताया। उन्होंने किसी भी परिस्थिति में महिलाओं को अपने हौसले को डिगने न देने की सलाह दी। उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक भी किया। उन्होंने महिला हेल्पलाइन नंबर को कंठस्थ करने तथा अपने पास सुरक्षित रखने का आह्वान किया।

# सबसे ज्यादा तनाव भारतीय महिलाओं में



महिलाएं घर से लेकर दफ्तर तक खुद को बेहद तनाव और दबाव में महसूस करती हैं। यह समस्या विकासशील देशों में ज्यादा दिख रही है। लेकिन यदि ये पूछा जाए कि दुनिया में किस देश की महिलाएं सबसे ज्यादा तनाव में रहती हैं तो शायद इसका जवाब आपकों हैरानी और चिंता में डाल सकता है। जी हाँ, भारत की महिलाएं सबसे ज्यादा तनाव में रहती हैं और इसका खुलासा एक सर्वे में भी हो चुका है। इस सर्वे में 6,500 महिलाओं ने हिस्सा लिया था। ये सर्वे तुर्की, रूस, दक्षिण अफ्रीका, नाइजीरिया, चीन, थाइलैंड, भारत, मलेशिया, मेक्सिको, ब्राजील, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, इटली, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, स्वीडन, जापान, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया में कराया गया।

21 विकसित और उभरते हुए देशों में कराए गए नीलसन सर्वे में सामने आया कि तेजी से उभरते हुए देशों में महिलाएं बेहद दबाव में हैं, लेकिन उन्हें आर्थिक स्थिरता और अपनी बेटियों के लिए शिक्षा के बेहतर अवसर मिलने की उम्मीद भी दूसरों के मुकाबले कहीं ज्यादा है। सर्वे में 87 प्रतिशत भारतीय महिलाओं ने कहा कि ज्यादातर समय वे तनाव में रहती हैं और 82 फीसदी का कहना है कि उनके पास आराम करने के लिए वक्त नहीं होता। हालांकि तनाव में रहने के बावजूद इस बात की काफी संभावना है कि भारतीय महिलाएं आने वाले पांच साल के दौरान अपने ऊपर ज्यादा खर्च करेंगी। 96 प्रतिशत का कहना है कि वे कपड़े खरीदेंगी जबकि 77 फीसदी कहती हैं कि वे सेहत और सुंदरता से जुड़े उत्पादों पर जेब ढीली करेंगी। वहीं 44 फीसदी महिलाएं घर में बिजली से चलने वाली चीजें लाना चाहती हैं। सर्वे के अनुसार दुनिया भर में महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं और बड़ी संख्या में नौकरियां कर रही हैं। उनके काम करने से घर की आमदनी भी बढ़ रही है। महिलाओं ने सर्वेकर्ताओं को बताया कि जब उन्हें अपने लक्ष्य मिलते हैं तो वह खुद को सशक्त महसूस करती हैं, लेकिन इससे उनका तनाव भी बढ़ता है।

तनाव और समय न होने के मामले में मेक्सिको की महिलाएं दूसरे नंबर पर हैं। वहां 74 प्रतिशत महिलाएं इस समस्या से परेशान हैं। इसके बाद रूस में 69 प्रतिशत महिलाएं तनाव झेल रही हैं। सर्वे के मुताबिक इस तनाव के लिए एक हद तक सामाजिक बदलाव भी जिम्मेदार हैं। वहीं विकसित देशों में स्पेन में सबसे ज्यादा 66 प्रतिशत महिलाएं तनाव की शिकार हैं। इसके बाद फ्रांस में 65 प्रतिशत और अमेरिका में 53 प्रतिशत महिलाएं इस समस्या सजूझ रही हैं। सर्वे में उभरते हुए देशों की 80 प्रतिशत महिलाओं को उम्मीद है कि उनकी बेटी को उनसे कहीं ज्यादा वित्तीय स्थिरता मिलेगी जबकि 83 फीसदी का कहना है कि उन्हें शिक्षा हासिल करने के ज्यादा मौके मिलेंगे। विकसित देशों में 40 प्रतिशत महिलाओं को लगता है कि उनकी बेटियों की वित्तीय स्थिति उनसे अच्छी होगी जबकि 54 प्रतिशत का अनुमान है कि उनकी बेटियां बेहतर शिक्षा पाएंगी। यानि सर्वे से कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए, जैसे महिलाएं तनाव में तो हैं लेकिन यदि उन्हें लक्ष्य दिया जाए तो वे खुद को सशक्त महसूस करती हैं, महिलाएं मानती हैं कि बेटियां उनसे ज्यादा शिक्षा हासिल करेंगी और आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनेंगी।

## घर से दफ्तर तक भेदभाव

महिलाएं अब पहले की तरह अबला नहीं रहीं। चाहे राजनीति का क्षेत्र हो या तकनीकि या फिर सेना का, हर क्षेत्र में महिलाओं की जबरदस्त भागीदारी है। उन्हें पहले से ज्यादा अधिकार मिले हैं और आगे बढ़ने के अवसर भी। लेकिन ये भी सच है कि वे आज भी घर पर वे हिंसा का शिकार बनती हैं और दफ्तर में भी उनसे भेद भाव किया जाता है। मुमकिन है आप इस बात पर एकाएक यकीन न करें लेकिन संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है ऐसी लाखों महिलाएं हैं, जो जीवन में कभी ना कभी अपने पति के हाथों हिंसा का शिकार हुई हैं। ऐसा बहुत बार देखा गया है कि महिलाओं को फैसले लेना का हक नहीं दिया जाता, उन्हें खुद को हिंसा से बचाने की भी अनुमति नहीं होती। रिपोर्ट में कहा गया है कि एसे 186 देश हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार देश में लिंग भेद खत्म करने की प्रतिज्ञा ली है, लेकिन वे ऐसा करने में नाकाम रहे हैं। 127 देश तो ऐसे हैं जो बलात्कार की सजा भी नहीं दे पाते और 61 देशों में गर्भपात पर रोक है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूएन वुमन ने यह रिपोर्ट प्रस्तुत की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आज से दो शतक पहले केवल दो ही देशों में महिलाओं को मताधिकार था लेकिन अब लगभग हर देश में महिलाओं को यह अधिकार प्राप्त हो गया है। इसके बावजूद उनके उत्पीड़न और प्रताड़ित किए जाने की घटनाएं सामने आती रही हैं।

महिलाओं को घर पर बुरे व्यव्हार के साथ-साथ दफ्तर में भी तनाव का सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट में कहा गया है दुनिया में आधी से अधिक नौकरी पेशा महिलाएं ऐसी नौकरियां कर रही हैं, जहां वे सुरक्षित महसूस नहीं करती। इनकी संख्या करीब साठ करोड़ है और जिस तरह की नौकरियों में वे फंसी हुई हैं, वह श्रम कानूनी के दायरे से भी बाहर है। रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं को तीस प्रतिशत कम वेतन मिलता है।




# 2 मिनट में करें मेकअप



आज की दौड़-भाग भरी इस जिंदगी में स्वयं के लिए खुद के लिए और खास तौर पर मेकअप के लिए वक्त निकालना मुश्किल हो गया है। महिलाएं अक्सर सोचती हैं कि पहले जरूरी काम निपटा लें फिर तैयार हो जाएंगी। काम निपटाते-निपटाते कब ऑफिस या पार्टी में जाने का वक्त हो जाता है उन्हें पता ही नहीं चलता और वे ठीक से तैयार हुए बिना ही निकल पड़ती हैं, फिर बाद में अफसोस करती हैं। हम आपको बता रहे हैं कुछ टिप्स जिसे अपनाकर आप मिनटों में मेकअप कर सकती है। दो मिनट का समय निकालना कोई मुश्किल काम नहीं है। सबसे पहले चेहरे पर फाउंडेशन व आंखों पर लाइट कलर का आई शेडो लगाएं। चिकबोन पर लाइट शेड का ब्लश आन और होठों पर लिप ग्लास लगाएं। इस तरह आप 2 मिनट में सॉफ्ट और सोफेस्टिकेटेड लुक के साथ तैयार हो सकती हैं। रोजमर्रा के लिए इतना मेकअप काफी है। स्पेशल यानी खास मौके पर जाना हो तो पहले फाउंडेशन लगाएं फिर कॉम्पेक्ट से फाइनल टच दें। इस बार आंखों पर भी थोड़ा ज्यादा मेकअप करें। पहले लाइनर फिर लाइट शेड या दो शेड को मिलाकर आई शैडो लगाएं आप चाहें तो काजल भी लगा सकती हैं। चिकबोन पर हल्के पिंक या पीच शेड का ब्लश आन लगाएं। होठों का मेकअप हल्का रखें। होंठो के लिए लिप ग्लास ही काफी है।

पार्टी में यदि आप कुछ अलग और खास नजर आना चाहती हैं तो मेकअप को 10 मिनट दें। सबसे पहले चेहरे के दाग-धब्बे छुपाने के लिए कंसीलर, फिर केक फाउंडेशन, काम्पेक्ट या पैन केक से बेस लगाएं। आंखों के लिए ग्रे, पर्पल जैसे शेड चुनें। साथ ही इस बार आईलाइनर, मस्कारा और काजल भी लगाएं। ब्लश आन थोड़ा डार्क रखें या शाईनर का उपयोग करें। लिपलाइनर से आउटलाइन करके लिपिस्टिक लगाएं। अंत में लिप ग्लास से फाइनल टच दें।

## शहद के गुणकारी घरेलू नुस्खे



- हृदय की धमनी के लिए शहद बडा शक्तिवर्द्धक है। सोते वक्त शहद व नींबू का रस मिलाकर एक ग्लास पानी पीने से कमजोर हृदय में शक्ति का संचार होता है।
- पेट के छोटे-मोटे घाव और शुरुआती स्थिति का अल्सर शहद को दूध या चारा के साथ लेने से ठीक हो सकता है।
- सूखी खाँसी में शहद व नींबू का रस समान मात्रा में सेवन करने पर लाभ होता है।
- शहद से माँसपेशियाँ बलवती होती हैं।
- बढे हुए रक्तचाप में शहद का सेवन लहसुन के साथ करना लाभप्रद होता है।
- अदरक का रस और शहद समान मात्रा में लेकर चाटने से श्वास कष्ट दूर होता है और हिचकियाँ बंद हो जाती हैं।
- संतरों के छिलकों का चूर्ण बनाकर दो चम्मच शहद उसमें फेंटकर उबटन तैयार कर त्वचा पर मलें। इससे त्वचा निखर जाती है और कांतिवान बनती है।
- कब्जियत में टमाटर या संतरे के रस में एक चम्मच शहद डालकर सेवन करें, लाभ होगा।

# खाना खजाना



### मटर के समोसे



**सामग्री**–250 ग्राम मैदा, चुटकी भर अजवायन, 2 कटोरी मटर के दाने, 2 छोटे चम्मच अमचूर व लाल मिर्च पाउडर, स्वादानुसार नमक, 1 छोटा चम्मच गरम मसाला, स्वादानुसार बारीक कटी हरी मिर्च।

**विधि**–मैदे में अजवायन व मोयन डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसमें आवश्यकतानुसार पानी डालकर आटा गूंध लें। भरावन के लिए मटर को दरदरा पीस लें। इसमें हरी मिर्च, लाल मिर्च पाउडर, नमक, अमचूर, गरम मसाला डालकर अच्छी तरह मिलाएं। एक पैन में तेल गर्म करें। इसमें तैयार भरावन डालकर पांच मिनट तक भून लें। गूंधे हुए मैदे की लोई बनाकर पतली रोटी बेल लें। रोटी के बीच से दो भाग करें। समोसे का आकार देते हुए भरावन भरें। इसी तरह सभी समोसे तैयार करें। गर्म तेल में मध्यम आंच पर सुनहरे होने तक सभी समोसे तल लें। इमली या हरी चटनी के साथ गर्मा-गर्म समोसे सर्व करें।



### लजीज केसर-मटर पुलाव

**सामग्री**– 1 कटोरी बासमती चावल, 1 कटोरी मटर, 1 चम्मच केसर, 1/2 कप दूध, 3-4 लौंग, 1 टुकडा दालचीनी, 2 बड़ी इलायची, 2-3 छोटी इलायची, 3-4 तेज पत्ते, 3-4 काली मिर्च, 4-5 अखरोट की गिरियों के टुकड़े, 8-10 काजू, 10-12 बादाम, 1 बड़ा चम्मच घी, थोड़ी किशमिश, नमक स्वादानुसार।

**विधि**– केसर को दूध में घोल लें। चावल को पानी में भिगो दें। घी गरम करके किशमिश डालकर सूखे मेवे हलके गुलाबी तलकर बाहर निकालें। सारा खड़ा गरम मसाला गरम घी में डालें। आधा केसर दूध व चावल डालकर चलाएं। ढाई कटोरी पानी, मटर, किशमिश और नमक डालकर उबालें। तैयार हो जाने पर शेष केसर, दूध डालकर 2-3 मिनट तक ढंक दें। परोसने के समय तले सूखे मेवों से सजाएं और सर्दी के मौसम में गरमा-गरम केसर-मटर पुलाव का लुफ्त लें।

# प्रेग्नेंसी में झड़ते हैं बाल



मां बनना किसी भी महिला की लाइफ का सबसे खुशनुमा पल होता है। लेकिन यह खुशी तब छू हो जाती है, जब अचानक बालों का गिरना शुरूहो जाता है।

प्रेग्नेंसी के बाद आमतौर पर महिलाओं के बाल गिरने लगते हैं। कई महिलाएं तो यह सोच- सोचकर टेंशन में आ जाती हैं कि आखिर इनका गिरना कैसे रोका जाए। चिकित्सकों के मुताबिक, प्रेग्नेंसी के दौरान हुए हार्मोनल चेंज की वजह से ऐसा होता है और जब हार्मोंस नॉर्मल फेज में आने लगते हैं, तो बालों का गिरना धीरे-धीरे कम होता चला जाता है।

चिकित्सकों के अनुसार यह समस्या आमतौर पर प्रेग्नेंसी के बाद या बर्थ कंट्रोल पिल्स के बंद करने पर आती है। इसके अलावा, ज्यादा ब्लीडिंग होना, स्ट्रेस और एनीमिक होना भी बालों के गिरने की एक बड़ी वजह होती है।

प्रेग्नेंसी में एस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल काफी बढ़ जाता है। यही हार्मोन बालों की ग्रोथ बढ़ाते हैं, इसलिए प्रेग्नेंसी के दौरान तो आपके बाल ना के बराबर गिरते हैं। दरअसल, हमारे 90 फीसदी बाल एक समय में बढ़ते हैं और वहीं 10 फीसदी (रेस्टिंग फेज) में चले जाते हैं। प्रेग्नेंसी में रेस्टिंग फेज के बाल बढ़ते जाते हैं। जैसे ही यह लेवल बदलता है, बाल गिरना शुरू होते हैं। ऐसा पोस्ट-प्रेग्नेंसी के 3-6 महीने तक रहता है। वैसे यह भी देखने में आया है कि कुछ महिलाओं के बाल पहले जैसे घने फिर से नहीं हो पाते हैं। इनके अलावा भी बालों के गिरने की कई वजह होती हैं।

जैसे किसी हार्मोनल दवा को अचानक छोड़ना, मिस कैरिज होना, एबार्शन, हार्मोनल असंतुलन आदि। इस समस्या से निपटने के लिए खूब फल आदि खाएं। इससे बालों को पूरे न्यूट्रिशंस मिल पाएंगे , जिससे वो कम गिरेंगे। कैलशियम, फॉलिक एसिड, विटामिन बी, सी, ई के साथ जिंक और आयरन जरूर लें। बटर चिकन अवॉइड करें । इनके बजाय फिश, लो फैट चीज, अंडे, बादाम, बींस और दही खाएं। डेयरी प्रॉडक्ट में सोया मिल्क और टोफू शामिल करना फायदेमंद रहेगा। आयरन की क्वांटिटी भरपूर रहने से बालों की जड़ों में ब्लड फ्लो अच्छा रहता है, जिससे उनकी ग्रोथ अच्छी रहती है। इसके लिए किशमिश या मुनक्का और चौरी जूस लेना फायदेमंद रहेगा। अंडा, खजूर, हरी सब्जियां भी आयरन के अच्छे सोर्स हैं। इसके साथ विटामिन सी के लिए ऑरेंज, स्ट्रॉबेरी आदि लेना न भूलें क्योंकि यह आयरन को पचाने में मदद करते हैं। खीरे के छिलके, लाल-हरी मिर्च और आलू में सिल्का होता है, जो कई तरह के विटामिंस के पाचन को आसान कर देता है। लेकिन इनका फायदा आपको पूरी तरह तभी मिल पाएगा, जब आप इनको कच्चा खाएंगे। इस सबके अलावा खूब सारा पानी लें, ताकि आपका सिस्टम क्लीन और बाल हाईड्रेट रहें।



# राशा थडानी जल्द करने वाली है बालीवुड डेब्यू

## बालीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी है राशा

बालीवुड एक्टर अजय देवगन और उनके भतीजे अमन देवगन के साथ राशा थडानी बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। राशा बालीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी है। इसी बीच रवीना अपनी बेटी को लेकर एक हैरान करने वाली बातों का खुलासा किया है।

एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि राशा को इंस्टाग्राम पर रील्स बनना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। वह इस बात के लिए अपनी मां रवीना को डांट देती हैं। रवीना को इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर करना और रील्स बनाना बेहद पसंद है। वह अक्सर अपने फैंस को लुभाने के लिए अपने सोशल अकाउंट पर अपनी वीडियो-फोटो शेयर करती रहती हैं। हालांकि इस मामले में उनकी बेटी राशा एक कदम पीछे हैं। हमेशा अपने लुक को लेकर खबरों में छाई रहने वाली राशा को रील्स बनाना पसंद नहीं है।

रवीना ने रवीना ने कहा, 'जब इंस्टाग्राम की बात आती है, तो मैं बहुत बेकार हूं और मुझे इसके बारे में कुछ भी नहीं पता है। मैं रील्स बनाते हुए सच में बहुत गलतियां करती हूं। जब मेरी टीम मुझसे रील पोस्ट करने के लिए कहती है, तो मैं कोई मजेदार रील बनाने के लिए चुनती हूं, क्योंकि मुझे ऐसी ही रील्स पसंद आती हैं। मैं बिना यह सोचे कि मैं एक कलाकार हूं, इस तरह की रील्स बनाती हूं। तब राशा मुझसे कहती हैं, 'मम्मा, आप ये रील्स नहीं बना सकतीं, ये अच्छी नहीं हैं। लेकिन, मुझे रील्स बहुत पसंद आती हैं।' रवीना ने आगे बताया कि कुछ महीने पहले जब 'वाह' ट्रेंड चला, तो उन्होंने भी इस पर रील बनाई थी। लेकिन राशा को यह पसंद नहीं आई । राशा ने तुरंत अपनी मां से इस रील्स को इंस्टाग्राम से हटाने के लिए कह दिया था। हालांकि, तभी इस ट्रेंड पर दीपिका पादुकोण ने रील बनाई और उन्होंने अपनी बेटी को भेजा और कहा, 'देखो, हर कोई इसे बना रहा है, सिर्फ इसलिए कि दीपिका ने इसे बनाया।' बता दें कि हाल ही में रवीना को वेब सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' में देखा गया था। इस सीरीज में उन्होंने इंद्राणी कोठारी का रोल निभाकर हर किसी का दिल जीत लिया था। रवीना के आलावा इसमें वरुण सूद और नम्रता शेठ भी काम किया था।



# गोविंदा मेरी रगों में, लेकिन पता किसी को नहीं: राधिका मदान

बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा के प्रति अपनी आत्मीयता की घोषणा करते हुए एक्ट्रेस राधिका मदान ने कहा, गोविंदा मेरी रगों में हैं, और इसके बारे में किसी को भी पता नहीं है। यह घोषणा दर्शकों को प्रतिष्ठित अभिनेता की ऊर्जा, शैली और मसाला फिल्म शैली के लिए बेजोड़ स्वभाव के प्रति उनकी प्रशंसा की झलक देती है। व्यावसायिक मसाला फिल्मों में काम करने की राधिका की इच्छा विभिन्न सिनेमाई अनुभवों को अपनाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ड्रामा से लेकर कॉमेडी तक की फिल्मों में सम्मोहक प्रदर्शन देने के सफल ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, व्यावसायिक सिनेमा की जीवंत दुनिया में राधिका मदान के उद्यम का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। अपनी प्रामाणिकता और जीवंत ऑन-स्क्रीन उपस्थिति के लिए जानी जाने वाली, मसाला फिल्म क्षेत्र में राधिका मदान की यात्रा निश्चित रूप से इस शैली में एक नया और गतिशील परिप्रेक्ष्य लेकर आएगी।

जैसे ही वह नए क्षितिज पर अपनी नजरें जमाती है, प्रशंसक और फिल्म उद्योग समान रूप से उस जादू का इंतजार कर रहे हैं जो वह निस्संदेह बड़े पर्दे पर लाएगी। आगे देखें तो, राधिका की आगामी फिल्मों में 12 जुलाई को अक्षय कुमार के साथ सरफिरा, उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म सना और रूमी की शराफत शामिल हैं। बता दें कि हाल ही में एक कार्यक्रम में, बॉलीवुड सनसनी राधिका मदान ने पूर्ण विकसित व्यावसायिक मसाला फिल्मों के क्षेत्र में उद्यम करने की अपनी आकांक्षा व्यक्त की। विभिन्न भूमिकाओं में अपने शानदार अभिनय के लिए मशहूर बहुमुखी अभिनेत्री ने मुख्यधारा सिनेमा की जीवंत और मनोरंजक दुनिया का पता लगाने के लिए अपनी उत्सुकता साझा की।

# भक्षक ने एक और मील का पत्थर स्थापित किया



अभिनेत्री भूमि पेडनेकर की फिल्म भक्षक ने एक और मील का पत्थर स्थापित किया है जो भारत को वैश्विक कंटेंट मंच पर गौरवान्वित करता है। यह विश्व स्तर पर शीर्ष 5 गैर-अंग्रेजी फिल्मों में से एक है! भूमि भक्षक में अपने शानदार अभिनय के लिए मिल रही सर्वसम्मत सराहना और प्यार का आनंद ले रही हैं। फिल्म में भूमि का बेहद सूक्ष्म और शानदार प्रदर्शन उन्हें अविश्वसनीय सराहना मिल रही है। करियर के इस बड़े पड़ाव और अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों को देखते हुए, भूमि हॉलीवुड में करियर तलाशने की इच्छुक हैं। हमने सुना है कि पश्चिम में कुछ दिलचस्प, बड़ी परियोजनाओं के लिए उनसे संपर्क किया गया है और मार्च या अप्रैल में किसी समय लॉस एंजिल्स में मीटिंग के लिए जा सकती हैं।' एक ट्रेड सूत्र ने बताया कि ॐभूमि अब लगभग 9 वर्षों से अपने अभिनय के गेम में शीर्ष पर हैं। उनकी अधिकांश फिल्मों को दुनिया भर में दर्शक मिले हैं, यह देखते हुए कि वे कितनी आगे की विषय-वस्तु वाली हैं। भक्षक का मामला लीजिए - यह विश्व स्तर पर ट्रेंड कर रहा है और उसके प्रदर्शन ने पश्चिम में फिल्म निर्माताओं का ध्यान आकर्षित किया है। उनके काम को देखते हुए और कैसे दुनिया स्थानीय दिल से वैश्विक कहानियां बनाना चाहती है, भूमि चीजों की योजना में बिल्कुल फिट बैठती हैं, सूत्रों ने जानकारी दी कि ॐभूमि की निश्चित रूप से हॉलीवुड की आकांक्षाएं हैं लेकिन वह सिर्फ इसके लिए फिल्म नहीं चुनेंगी। वह यहां सही स्क्रिप्ट चुनने में बहुत सावधानी बरत रही हैं और भूमि पश्चिम में भी सर्वश्रेष्ठ स्क्रिप्ट चुनने में अपना समय लेंगी। भूमि के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करना और भारतीय महिलाओं को सिनेमा में सही ढंग से चित्रित करना बहुत महत्वपूर्ण है।

# होली के अवसर पर रिलीज होगी रानी चटर्जी की फ़िल्म बदला गंगा गीता

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री रानी चटर्जी की फिल्म बदला गंगा गीता होली के अवसर पर रिलीज होगी। अभिनेत्री रानी चटर्जी फिल्मों में कम बैक करने जा रही हैं। रानी चटर्जी ,दिलीप गुलाटी निर्देशित फ़िल्म बदला गंगा गीता से कमबैक कर रही हैं। फ़िल्म बदला गंगा गीता में रानी चटर्जी के साथ प्रेम सिंह, रवि यादव, मनोज द्विवेदी, जीतू शुक्ला, पप्पू यादव, सागर पांडेय, रमज़ान, आशा लता चौहान, अमित गौड़, पूनम चोपड़ा, जतिन तिवारी ने भी अभिनय किया है। फ़िल्म गंगा और गीता को सेंसर सर्टिफिकेट मिल चुका है और यह फ़िल्म आगामी होली के शुभ अवसर पर रिलीज करने की तैयारी है ।लेखक-निर्देशक दिलीप गुलाटी ने बताया,फ़िल्म बदला गंगा गीता का एक जबरदस्त एक्शन फिल्म है और इसे सेंसर से यूए सर्टिफिकेट मिला है जो काफी सराहनीय है। फ़िल्म को हर वर्ग के दर्शक, हर उम्र के लोग देख सकते हैं। फ़िल्म के निर्माता कोमल हैं। वहीं संगीत अमन श्लोक ने दिया है, गीत दिल दिलीप ने लिखा है, वहीं फ़िल्म का छायांकन अनील ढांडा ने किया है। फ़िल्म गंगा और गीता का संकलन योगेश पांडेय का है, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर कोमल हैं ,वहीं फ़िल्म में मारधाड़ जय यादव ने कराया है, जबकि नृत्य निर्देशन गोपी किशन का है।




# फिल्में नहीं बल्कि सेना में जाना चाहती थीं जया बच्चन




दिग्गज बॉलीवुड एक्ट्रेस जया बच्चन अपने बेबाक स्वभाव के लिए जानी जाती हैं। जया बच्चन एक्टिंग के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में जया बच्चन की बेटी श्वेता बच्चन नंदा के साथ अपनी पोती नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट शो में नजर आईं। नव्या का 'व्हाट द हेल नव्या' का दूसरा सीजन हाल ही में रिलीज हुआ था। इस पॉडकास्ट में जया बच्चन, श्वेता बच्चन और नव्या कई विषयों पर बातचीत करती हैं। शो में लैंगिक समानता पर टिप्पणी की गई। इसके अलावा जया बच्चन ने पुरुष प्रधान क्षेत्रों में महिलाओं को होने वाली कठिनाइयों पर भी टिप्पणी की। इस दौरान कमेंट करते हुए जया बच्चन ने बताया कि वह एक्टिंग के क्षेत्र में नहीं बल्कि सेना में शामिल होना चाहती थीं, लेकिन उस समय समाज में लोगों की गलत सोच और पुरुषों के बीच भेदभाव के कारण जया बच्चन का यह सपना अधूरा रह गया। जया बच्चन ने कहा, 'मुझे आज भी याद है कि मैं सेना में शामिल होना चाहती थी, लेकिन मुझे ऐसा नहीं मिला जिससे मैं बहुत निराश हो गई थी। उस समय सेना में महिलाओं को केवल नर्स के रूप में भर्ती किया जाता था। मुझे अभिनय से ज्यादा सेना में शामिल होने में दिलचस्पी थी। जया बच्चन के बयान को दोहराते हुए, श्वेता बच्चन ने भी पुरुषों और महिलाओं के बीच भेदभाव पर टिप्पणी की। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है, अब कार में बैठे पुरुष और कार चलाती महिला की तस्वीर बेहद आम मानी जाती है। श्वेता बच्चन ने भी ये टिप्पणी की। जया बच्चन पिछले साल करण जौहर की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में नजर आई थीं। इस फिल्म में भी पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता पर अच्छी टिप्पणी की गई थी। इसके अलावा, जया बच्चन ने हाल ही में अपनी नेटवर्थ के बारे में खुलासा किया, जिससे वह सुर्खियों में आ गईं। अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की कुल संपत्ति 1578 करोड़ है।



# खुद के मरने का नाटक करने वाली पूनम पांडे पहुंची भगवान के दरबार में

सर्वाइकल कैंसर से मौत की खबर फैलाने वाली अभिनेत्री पूनम पांडे भगवान के दर्शन करने मंदिर पहुंची। मुंबई के अंधेरी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में नजर आईं पूनम को एक ट्रेडिशनल येलो कुर्ता, मैचिंग प्लाज़ो और गुलाबी दुपट्टा पहने हुए देखा गया। उन्होंने अपने लुक को खुले बालों के साथ कंप्लीट किया। इस दौरान वह बिना मेकअप के थीं और उनके हाथ में पूजा की थाली थी। पूनम पांडे इस दौरान पैपराजी को फोटो-वीडियो के लिए पोज देती हुईं नजर आईं। इस दौरान एक पैपराजी ने पूनम से पूछा,आप कैसी हैं?, जिस पर उन्होंने हंसते हुए जवाब दिया, एक दम फर्स्ट क्लास! पैप ने फिर मजाक में कहा,आपने हमें डरा दिया था। इस पर पूनम मुस्कुराते हुए जबाव दिया कि उन्होंने किसी को नहीं डराया ।पूनम पांडे ने हंसते हुए कहा, आप डर गए थे, मैंने डराया बिल्कुल भी नहीं था। फिर एक ने पूछा आप यहां किसलिए आई हैं। इस पर पूनम ने कहा, मैं दर्शन करने आई हूं। इसके बाद मंदिर में चली गईं। वीडियो में पूनम को मंदिर के अंदर प्रार्थना करते और भगवान का आशीर्वाद लेते हुए देखा गया। बता दें कि मॉडल पूनम पांडे ने इस महीने की शुरुआत में अपनी मौत की खबर फैलाकर खूब लाइमलाइट बटोरी। पूनम के इंस्टा अकाउंट से एक पोस्ट किया गया था जिसमें बताया गया कि था कि सर्वाइकल कैंसर की वजह से मौत हो गई। उनकी मौत पर किसी को विश्वास नहीं हुआ। बात में यह उनकी मौत का एक नाटक ही साबित हुआ। हालांकि इसके पक्ष में उन्होंने कहा कि वह सर्वाइकल कैंसर को लेकर जारुकता फैलाना चाहती थी। एक ब्रैंड के लिए उन्होंने इसका प्रमोशन भी किया था। इस मामले में उन्होंने कई लीगल नोटिस भी मिले हैं।

# महिला किरदारों को सशक्त बनाने में भूमिका अदा की तमन्ना ने



अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की बाहुबली- द बिगिनिंग में एक महिला योद्धा के उनके किरदार ने न सिर्फ दर्शकों को एंटरटेन किया बल्कि मेनस्ट्रीम सिनेमा में महिला किरदारों को सशक्त बनाने की एक मिसाल भी कायम की।

अवंतिका के जरिये, जी करदा एक्ट्रेस ने ताकत और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। पैन इंडिया स्टार तमन्ना भाटिया की बाहुबली- द बिगिनिंग में कुशल योद्धा अवंतिका की भूमिका ने भारतीय सिनेमा में उनके लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ ला दिया। इससे वीमेन ओरिएंटेड जॉनर की ओर बदलाव आया।

एक्ट्रेस ने ट्रेडिशनल जेंडर स्टीरियोटाइप को चुनौती दी और अधिक विविध कहानियों के लिए मार्ग खोल।

अपनी डिजिटल फिल्म बबली बाउंसर से उन्होंने महिलाओं के बाउंसर होने की धारणा को तोड़ दिया। तमिल वेब सीरीज़ नवंबर स्टोरीज़ के साथ ओटीटी पर डेब्यू करते हुए, तमन्ना ने पहले कभी नहीं देखी गई फीमेल करैक्टर सेंट्रिक जॉनर में कदम रखा। उनकी अगली वेब सीरीज़ जी करदा में उन्होंने लावण्या का किरदार निभाया और बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आखिरी सच में इंस्पेक्टर आन्या स्वरूप और लस्ट स्टोरीज़ 2 में शांति के रूप में तमन्ना की एक्टिंग ने एक एक्टर के रूप में जटिल किरदारों को निभाया। इतना ही नहीं खुद को अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकाला। भारतीय सिनेमा में उनका योगदान उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन से परे है। वह बिज़नेस में महिलाओं के लिए सशक्तिकरण और प्रतिनिधित्व का प्रतीक बन गई हैं, जो उनकी पैन इंडिया पॉपुलैरिटी को बढ़ाता है। अवंतिका से जी करदा, लस्ट स्टोरीज़ 2 और आखिरी सच में अपने लेटेस्ट रोल्स तक तमन्ना भाटिया इंडियन सिनेमा के लैंडस्केप को नया आकार देने की उनकी प्रतिबद्धता का उदाहरण देती है।

## मेक्सिको में सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के सैन लुइस पोटोसी राज्य में एक वैन के ट्रेलर से टकरा जाने से 10 लोगों की मौत हो गई और इतनी ही संख्या में लोग घायल हो गये। मिलेनियो अखबार ने शनिवार को बताया कि वैन मॉन्टेरी शहर में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम से लौट रही थी। दुर्घटना में घायल दो लोगों को गहन देखभाल के लिये अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। अखबार ने बताया कि दुर्घटना में मरने वालों और घायलों में नाबालिग भी शामिल हैं।

## पाकिस्तान में नौ मार्च तक राष्ट्रपति चुनाव कराने की तैयारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद लगे धांधली के आरोपों के बीच अब नौ मार्च तक नए राष्ट्रपति का चुनाव होने की उम्मीद की जा रही है। 'डॉन' समाचार पत्र ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) संसद के उच्च सदन सीनेट के आधे सांसदों का छह साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद उनकी सेवानिवृत्ति से दो दिन पहले नौ मार्च तक देश के राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराने के लिए तैयार है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा, 'सभी चार प्रांतीय विधानसभाओं के गठन के बाद वर्तमान सीनेटर राष्ट्रपति का चुनाव करेंगे।' उन्होंने कहा कि चुनाव नौ या 10 मार्च को हो सकता है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) शहबाज शरीफ के नेतृत्व में केंद्र में गठबंधन सरकार बनाने के लिए तैयार छह-दलीय गठबंधन ने पहले ही देश के शीर्ष संवैधानिक पद के लिए आसिफ अली जरदारी को अपना सर्वसम्मत उम्मीदवार घोषित कर दिया है। जरदारी इससे पहले सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ के इस्तीफे के बाद सितंबर 2008 से 2013 तक राष्ट्रपति रहे थे।

## राफा में ग्राउंड ऑपरेशन के लिए कैबिनेट की मंजूरी लेंगे नेतन्याहू

जेरूसलम। इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की है कि वह दक्षिणी गजानन शहर राफा में जमीनी अभियान के लिए अगले सप्ताह कैबिनेट की मंजूरी मांगेंगे, जहां गाजा की आधी से अधिक आबादी इजरायल की बमबारी से बचने के लिए शरण ले रखी है। एक्स पर लिखते हुए, नेतन्याहू ने शनिवार को कहा कि वह 'नागरिक आबादी की निकासी सहित राफा में कार्रवाई की योजनाओं की मंजूरी के लिए आगामी सप्ताह की शुरुआत में अपने मंत्रिमंडल की बैठक बुलाएंगे।' उन्होंने लिखा, 'सैन्य दबाव और ठोस बातचीत से ही हमारे बंधकों की रिहाई, हमास का खात्मा और युद्ध के उद्देश्यों की प्राप्ति होगी।' समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा पट्टी का सबसे दक्षिणी शहर राफा एक विशाल शरणार्थी शिविर बन गया है, जहां लगभग 1.4 मिलियन लोग घनी रह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि राफ़ा में इज़रायल के सैन्य अभियान के विस्तार के गंभीर मानवीय परिणाम होंगे।

## इज़राइल-हमास युद्ध : 10 मार्च से पहले युद्धविराम व बंधकों की अदला-बदली की संभावना

तेल अवीव। मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया और शिन बेट के निदेशक रोनेन बार के नेतृत्व में इजराइल का प्रतिनिधिमंडल अमेरिका, कतर और मिस्र के अधिकारियों के साथ पेरिस और काहिरा में मैराथन वार्ता के बाद यरूशलेम वापस आ गया है। इजराइली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, मोसाद प्रमुख ने इजराइली युद्ध मंत्रिमंडल के सदस्यों को अनौपचारिक रूप से जानकारी दी है और कहा है कि 10 मार्च को रमजान माह शुरू होने से पहले युद्धविराम की संभावना है। इजराइल रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, हमास इजराइल द्वारा रखे गए सभी सुझावों पर लगभग सहमत हो गया है, इसमें सभी बंधकों को रिहा करना भी शामिल है, जिसमें मारे गए लोगों के शव भी शामिल हैं। इज़राइल ने मध्यस्थों को यह भी सूचित किया है कि यदि समझौता नहीं हुआ, तो प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा पट्टी के राफा क्षेत्र में इज़राइली सैनिकों के जमीनी हमले को तेज कर देंगे, जहां महिलाओं और बच्चों की एक बड़ी आबादी रहती है। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, इजराइली पक्ष उत्तरी गाजा से विस्थापित फिलिस्तीनियों के पुनर्वास के लिए भी सहमत हो गया है। इजरायली पक्ष का नेतृत्व डेविड बार्निया और रोनेन बार ने किया। कतर के प्रधान मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी, केंद्रीय खुफिया एजेंसी के प्रमुख विलियम बर्न्स और मिस्र के खुफिया प्रमुख अब्बास कामेल भी वार्ता में शामिल थे।

## मिस्र का इज़रायली सैन्य विमानों द्वारा उसके हवाई क्षेत्र के उल्लंघन से इनकार


काहिरा। मिस्र मिस्र ने उन रिपोर्टों का खंडन किया है, जिनमें दावा किया गया था कि इजरायली विमानों ने उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। मिस्र के अल-क़ाहेरा न्यूज़ टीवी ने सुरक्षा सूत्र के हवाले से कहा कि मिस्र ने शनिवार को उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया, जिसमें कहा गया था कि इज़रायली सैन्य विमान मिस्र के हवाई क्षेत्र में घुस गए। सूत्र ने इन खबरों को झूठा और आधारहीन बताया है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने 'अरबी पोस्ट' समाचार वेबसाइट द्वारा की गई एक जांच के हवाले से कहा कि 7 अक्टूबर, 2023 को गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से 23 फरवरी, 2024 तक इजरायली सैन्य विमानों ने लगभग 100 बार मिस्र के क्षेत्र में प्रवेश किया। अरबी पोस्ट के मुताबिक, अपनी उड़ान के दौरान ये विमान गाजा की सीमा की ओर से मिस्र के अंदर 172 किमी अंदर तक प्रवेश कर गए।

## न्यूयॉर्क में भारतीय पत्रकार की मौत

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क में रिहायशी इमारत में आग लगने से एक भारतीय पत्रकार की मौत हो गई। भारतीय दूतावास ने रविवार को इसकी जानकारी दी। भारतीय दूतावास ने कहा कि 2× फरवरी को हार्लेम इलाके में एक अपार्टमेंट में आग लग गई थी। इसमें 27 साल के फाजिल खान की मौत हो गई। हमें दुख है। हम उसके परिवार के संपर्क में हैं। उनका शव भारत पहुंचाने के लिए हर संभव मदद करने की कोशिश करेंगे। न्यूयॉर्क फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, ई-बाइक में लगने वाली लिथियम-आयन बैटरी की वजह से इमारत में आग लगी थी। 17 अन्य लोग हादसे में घायल हुए थे।

## अमेरिका में 8 अप्रैल को आसमान में दिखेगा अद्भुत नजारा

वॉशिंगटन। अगले महीने 8 अप्रैल को सूर्य ग्रहण लगेगा जिसका अमेरिका में अदभुत नजारा देखने को मिलेगा। ऐसा नहीं है कि हर जगह सूर्य ग्रहण एक जैसा दिखे या फिर हर बार सूर्य ग्रहण एक जैसा ही लगे। क्योंकि सूर्य ग्रहण तीन प्रकार का लगता है। कुल, आंशिक और वलयाकार। पूर्ण सूर्य ग्रहण सबसे अधिक प्रभावशाली होते हैं, जो सूर्य को पूरी तरह से ढक देते हैं। संपूर्णता के दौरान जिस क्षेत्र में यह होता है, वहां अंधेरा हो जाता है। इस दौरान आसमान में सूर्य का कोरोना दिखाई देता है, जो इस ग्रहण को देखने वालों को एक मनोरम दृश्य देता है। 8 अप्रैल को लगने वाला सूर्य ग्रहण कोरोना देखने के लिहाज से काफी अच्छा है। क्योंकि यह वह समय है जब सूर्य अपने उच्चतम गतिविधि पर है। वैज्ञानिक देखना चाहते हैं कि आखिर इस दौरान सूर्य का कोरोना कैसा दिखेगा? आंशिक सूर्य ग्रहण तब होता है, जब चंद्रमा सूर्य के केवल एक हिस्से को ढकता है। इस दौरान पृथ्वी से सूर्य का प्रकाश एक अर्धचंद्राकार टुकड़े में दिखाई देता है। हालांकि यह पूर्ण सूर्य ग्रहण जितना नाटकीय नहीं होता। लेकिन फिर भी आंशिक ग्रहण आकाश में एक आकर्षक झलक देता है और बड़ी संख्या में दर्शकों को दिखाई देता है। वहीं अगर वलयाकार सूर्य ग्रहण की बात करें तो यह रिंग ऑफ फायर कहलाता है। यह तब होता है, जब आसमान में सूर्य से छोटा चंद्रमा दिखाई दे। इस कारण यह सूर्य को पूरी तरह नहीं ढक पाता और आसमान में एक छल्ला दिखाई देता है। सूर्य ग्रहण अनुमान से कहीं ज्यादा सामान्य है, लेकिन वे शायद ही कभी एक ही स्थान पर घटित होते हैं। आम तौर पर पृथ्वी पर हर तीन साल में लगभग दो पूर्ण सूर्य ग्रहण होते हैं। लेकिन उनकी छाया लगभग 80 किमी चौड़ी होती है। औसतन पृथ्वी पर एक ही जगह हर चार सौ वर्ष में दो पूर्ण सूर्य ग्रहण दिखाई देते हैं। 8 अप्रैल को अमेरिका में सूर्य ग्रहण दिखाई देगा, जो मैक्सिको से शुरू होगा और कनाडा तक जाएगा। भारत में यह नहीं दिखेगा, लेकिन इसका लाइव स्ट्रीम देखा जा सकता है। बता दें कि सूर्य ग्रहण सबसे अनोखी खगोलीय घटनाओं में से एक है। यह तब होता है जब पृथ्वी और सूर्य के बीच से चंद्रमा गुजर रहा हो। इससे चंद्रमा की छाया बनती है जो पृथ्वी पर पड़ती है। जहां यह छाया पड़ती है, वहां दिन में भी रात जैसा नजारा देखने को मिलता है।



पेरिस में किसानों के विरोध के दौरान पुलिस से बात करते हुए लोग।

## मालदीव की पूर्व रक्षा मंत्री बोलीं, भारत हमेशा हमारा मददगार

मालदीव। मालदीव की पूर्व रक्षा मंत्री मारिया दीदी ने कहा है कि मालदीव गलत वजहों से भारत और खासकर वहां के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चर्चा में है। मीडिया हाउस फर्स्टफोस्ट के डिफेंस समिट में मारिया ने कहा- हम लोग ऐसे नहीं हैं। हमें विदेशियों का मालदीव आना पसंद है। हम सभी लोगों को मालदीव आने का न्योता देते हैं। मारिया 2018 से 202× तक मोहम्मद सोलिह की सरकार के दौरान मालदीव की रक्षा मंत्री थीं। उन्होंने कहा- जलवायु परिवर्तन मालदीव के अस्तित्व के लिए खतरा है। जब एशिया में सुनामी आई थी तब हमें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। उस वक्त भारत पहला देश था जो हमारी मदद के लिए आगे आया था। इसके अलावा भारतीय सेना ने भी हमेशा हमारी मदद की है। आज मालदीव में चीनी जहाज मौजूद है। हम नहीं चाहते कि हम किसी ऐसी परिस्थिति में फंस जाए, जो हमें जंग में धकेल दे।

**हमारी पार्टी लगातार रिश्ते बेहतर कर रही थी**

पूर्व रक्षा मंत्री ने कहा- देश और क्षेत्र की भलाई के लिए हमें पड़ोसी देशों के साथ स्थिरता और दोस्ती बनाए रखना जरूरी है। जब हमारी मालदीव डेमोक्रैटिक पार्टी सत्ता में थी, तब हम हमेशा पड़ोसियों के साथ बेहतर संबंध बनाते थे। दरअसल, × जनवरी को पीएम मोदी लक्षद्वीप के दौरे पर गए थे, जिसकी तस्वीरें वायरल हुई थी। इसके बाद लोग सोशल मीडिया पर मालदीव की बजाय लक्षद्वीप घूमने की बात करने लगे थे। इसके जवाब में मालदीव के तीन मंत्रियों ने पीएम मोदी और भारत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

# साउथ कैरोलाइना के प्राइमरी चुनाव में ट्रंप ने हेली को हराया

**चार्ल्सटन (साउथ कैरोलाइना) (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने के दावेदार एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली को उनके गृह राज्य साउथ कैरोलाइना के प्राइमरी चुनाव में शनिवार को हरा दिया।

साउथ कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर हेली (52) ने प्राइमरी में हार मिलने के बाद पांच मार्च को 'सुपर ट्यूजडे' (महामंगलवार) को होने वाले चुनाव में ट्रंप का मजबूती से मुकाबला करने का संकल्प लिया। पांच मार्च को देशभर के 21 राज्यों में रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव होंगे।

'सुपर ट्यूजडे' अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के चयन के लिए प्राइमरी चुनाव प्रक्रिया का वह दिन होता है, जब सबसे अधिक राज्यों में प्राइमरी और कॉकस चुनाव होते हैं।

लगभग 90 प्रतिशत मतों की गिनती के बाद, हेली को 39.4 प्रतिशत वोट मिले, जबकि ट्रंप को 59.9 प्रतिशत मत मिले यानी दोनों नेताओं के मतों में 20 प्रतिशत का अंतर रहा। इस जीत के साथ ही ट्रंप ने लगातार तीसरी बार रिपब्लिकन उम्मीदवार चुने जाने



की अपनी संभावना को और प्रबल बना दिया है।

ट्रंप इससे पहले आयोवा, न्यू हैम्पशायर और नेवादा के प्राइमरी चुनाव भी जीत चुके हैं लेकिन साउथ कैरोलाइना की जीत ट्रंप के लिए विशेष महत्व रखती है, क्योंकि हेली दो बार यहां की गवर्नर रह चुकी हैं। इस जीत के साथ ही ट्रंप को सभी 29 'डेलिगेट' (मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी सदस्य) का समर्थन मिल गया।

सीएनएन ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि शेष 21 'डेलिगेट' का समर्थन कांग्रेशनल जिला परिणामों के आधार पर मिलेगा। राज्य के सात जिलों में से प्रत्येक में जीत पर दावेदार को तीन 'डेलिगेट' का समर्थन मिलता है। किसी भी दावेदार को पार्टी का उम्मीदवार बनने के लिए 1,215 'डेलिगेट' के समर्थन की आवश्यकता होती है। अब तक हेली ने 17 और ट्रंप ने 92 'डेलिगेट' का समर्थन हासिल कर लिया है।

हेली ने कहा, 'मैंने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि दक्षिण कैरोलाइना में चाहे कुछ भी हो जाए, मैं राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए लड़ना जारी रखूंगी। मैं अपनी बात पर कायम रहने वाली महिला हूं। मैं यह लड़ाई नहीं छोड़ रही हूं। अधिकतर अमेरिकी डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति जो बाइडन दोनों को अस्वीकार करते हैं।'

आत्मविश्वास से भरे ट्रंप ने दक्षिण कैरोलाइना के कोलंबिया में अपनी जीत का जश्न मनाया। उन्होंने अपने समर्थकों से कहा, 'मैंने इस तरह की भावना कभी नहीं देखी और मैं बस यही कहना चाहता हूं कि मैंने रिपब्लिकन पार्टी को इतना एकजुट कभी नहीं देखा।' उन्होंने अपने भाषण में हेली का जिक्र नहीं किया और न ही उनसे दौड़ से हटने के लिए कहा। हेली ने चार्ल्सटन में अपने भाषण के दौरान ट्रंप को साउथ कैरोलाइना से जीत मिलने पर बधाई दी।

## इजरायल हमास युद्ध से मिस्र हो रहा तबाह, कमाई के दोनों बड़े रास्ते बंद



**काहिरा (एजेंसी)।** इजरायल हमास युद्ध से सबसे बड़ा फर्क मिस्र को पड़ा है। उसकी कमाई के बड़े रास्ते बंद हो गए हैं। जानकार बता रहे हैं कि गाजा में चल रही लड़ाई ने पड़ोसी देश मिस्र को गहरे आर्थिक संकट में डाल दिया है। पहले से ही मुश्किल का सामना कर रहे मिस्र की अर्थव्यवस्था गाजा पर इजरायल के हमले और लाल सागर में बढ़ते तनाव की वजह से नाजुक हालात में पहुंच गई है। मिस्र की अर्थव्यवस्था इस समय सार्वजनिक कर्ज के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 90 प्रतिशत तक बढ़ जाने और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मुद्रा की गिरावट से जूझ रहा है। गाजा में जंग के चलते ये चुनौतियां और ज्यादा जटिल हो गई हैं। गाजा में चल रहा युद्ध अब मिस्र की सीमा के करीब रफाह तक पहुंच गया है। चार महीने से जारी हमलों की वजह से गाजा की ज्यादातर आबादी विस्थापित होकर पहले ही रफाह में आ चुकी है। रफाह पर अब इजरायल के हमले ना सिर्फ गाजा के हालात को खराब कर रहे हैं बल्कि मिस्र पर भी फर्क पड़ेगा।

दरअसल पर्यटन और स्वेज नहर मिस्र के विदेशी मुद्रा के दो प्रमुख स्रोत हैं। मिस्र के पिरामिड, संग्रहालय, रिसॉर्ट और स्मारक दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। ये सब लंबे समय से पर्यटन को राष्ट्रीय आय का एक प्रमुख स्रोत बनाते रहे हैं। 2022 में करीब 30 लाख मिस्रवासियों ने पर्यटन उद्योग से रोजगार मिला। मिस्र का पर्यटन कोरोना महामारी से पूरी तरह से उबरा नहीं था कि बीते साल अक्टूबर में गाजा पर इजरायल ने हमला शुरू कर दिया। इसके बाद लाल सागर में हूतियों ने इजरायल से जुड़े जहाजों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। मिस्र की सीमाओं पर हो रहे इस घटनाक्रम ने पर्यटकों को उससे दूर किया है।

इससे स्वेज नहर के राजस्व में भी गिरावट आई है। बीते साल नवंबर से मिस्र लाल सागर में इजरायल से जुड़े वाणिज्यिक जहाजों के खिलाफ हूती हमले हुए हैं। स्वेज नहर के माध्यम से एशिया को यूरोप से जोड़ने वाले सबसे छोटे व्यापार मार्ग पर इन हमलों के परिणामस्वरूप कई शिपिंग कंपनियां केप ऑफ गुड होप के आसपास अपने जहाजों का मार्ग बदल रही हैं। इसका सीधा असर मिस्र को मिलने वाले राजस्व पर हो रहा है। 2022-23 में स्वेज नहर से मिस्र के लिए 9.4 बिलियन डॉलर का राजस्व मिला था, वहीं इस साल जनवरी में स्वेज नहर से राजस्व 2023 की इसी अवधि की तुलना में 50 प्रतिशत गिर गया है।

## राष्ट्रीय ध्वज को शैतानी बताने वाले इमाम को फ्रांस ने दिया देश निकाला

पेरिस। एक कट्टरपंथी इमाम को फ्रांस ने देश निकाला दे दिया है। दरअसल उसे देश से इसलिए निष्कासित कर दिया क्योंकि उसने फ्रांस के राष्ट्रीय झंडे को शैतानी बताया था। मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने इसकी जानकारी दी है। हालांकि एक ऑनलाइन संबोधन में इमाम को फ्रांसिसी झंडे को शैतानी झंडा कहते हुए सुना जा सकता है। वहीं इमाम ने किसी भी तरह के गलत काम से इनकार किया। उन्होंने कहा कि उनका इरादा अनादर करने का नहीं था। महजौब ट्यूनीशिया के रहने वाले हैं और वह 38 साल पहले फ्रांस आए थे। वह फ्रांस के दक्षिण में एक छोटे से शहर बैगनॉल्स-सुर-सेज में एटाउबा मस्जिद में इमाम थे। उन्हें इस सप्ताह की शुरुआत में एक वीडियो वायरल होने के बाद गिरफ्तार किया गया था। उस वीडियो में इमाम को फ्रांस के राष्ट्रीय झंडे को शैतानी झंडा कहते हुए सुना जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि अल्लाह के लिए इसका कोई मूल्य नहीं है। हालांकि इमाम ने बाद में कहा कि अगर उन्होंने कोई अपराध किया है तो उन्हें खेद है। उन्होंने तर्क दिया कि झंडे के बारे में उनकी टिप्पणी जुबान से फिसल गई। डर्मैनिन ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, महज़ौब महज़ौबी को देश से बाहर निकालने का आदेश जारी किया गया है। मंत्री ने लिखा, आव्रजन कानून के बिना यह संभव नहीं होता। दृढ़ता ही नियम है। डर्मैनिन ने एक अन्य पोस्ट में कहा, गिरफ्तारी के 12 घंटे से भी कम समय में उन्हें देश से निष्कासित कर दिया गया है।

# रूसी सेना में भर्ती हैं करीब सौ भारतीय युवा

### -गुजरात के युवक की मौत के बाद एक रिपोर्ट से हुआ खुलासा

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन के बीच पिछले दो साल से चल रहे युद्ध के बीच खबर आ रही है कि गुजरात के रहने वाले एक 23 साल के भारतीय युवक की मिसाइल हमले में मौत हो गई। हमले में मृत भारतीय युवक सिक्योरिटी हेल्पर के तौर रूसी सेना में शामिल किया गया था। सूत्रों का कहना है कि करीब सौ भारतीय युवक रुस के सेना में भर्ती किए गए हैं, जिसे लेकर भारत सरकार ने एक एडवाइजरी भी जारी की थी कि भारतीय युवा युद्ध से दूर रहें।


एक भारतीय कर्मचारी ने बताया कि 21 फरवरी को यूक्रेनी हवाई हमले में रूसी सेना द्वारा सुरक्षा सहायक के रूप में नियुक्त किया गया गुजरात का 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। जानकारी अनुसार उक्त मृतक को रूस-यूक्रेन सीमा पर डोनेट्स्क क्षेत्र में तैनात किया गया था। एक रिपोर्ट के अनुसार गुजरात के सूरत जिले का निवासी हेमिल अश्विनभाई मंगुकिया दिसंबर 2023 में रूस गया था। इसके बाद वह रूसी सेना से जुड़ा और जब इस बात की खबर हेमिल के पिता को हुई तो उन्होंने भारतीय वाणिज्य दूतावास को पत्र लिखकर उसकी घर वापसी के लिए मदद मांगा था। इस मामले में भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारी जानकारी नहीं होने की बात कह रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल और भारत के कुछ लोग रूस की सेना में भर्ती किए गए हैं। करीब सौ से ज्यादा भारतीय युवक रूसी सेना में भर्ती किए गए हैं। इनमें से ज्यादातर को सिक्योरिटी हेल्पर के तौर पर रखा गया है।

# हार्ट पर मुक्का मारने से गई पुतिन विरोधी नवलनी की जान

**मॉस्को (एजेंसी)।** रुस की खुफिया एजेंसी केजीबी का मुक्का प्रमुख हथियार रहा है। कई बार एजेंसी पर आरोप लगते रहे हैं कि मुक्क मारकर दुश्मन को मौत के घाट उतार दिया जाता है। एक बार फिर मुक्का चर्चा में आ गया है। केजीबी पर आरोप लगे हैं कि राष्ट्रपति पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवलनी की हत्या मुक्का मारकर की गई है। बता दें कि केजीबी का हिस्सा कभी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन भी रहे हैं।

मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि रूस के सबसे बड़े विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की दिल पर एक ही मुक्का मारकर जान ली गई। ऐसा दावा है कि यह रूस की खुफिया एजेंसी केजीबी द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक पुरानी तकनीक है। केजीबी दुनिया में जासूसी इतिहास में सबसे खूंखार एजेंसी है। व्लादिमीर पुतिन के सबसे बड़े आलोचक और रूस में सबसे बड़े विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की एक सप्ताह पहले आर्कटिक दंड कॉलोनी में मृत्यु हो गई थी। रूस की तरफ से ऐसा बताया जरूर गया लेकिन, लोगों का मानना है कि नवलनी की मौत 16 फरवरी से पहले ही हो गई थी। यह बात इसलिए राज रखी गई ताकि जेल से सारे सबूत मिटा दिए जाएं। नवलनी 30 साल से अधिक समय से जेल की सजा काट रहे थे।

रूसी अधिकारियों के अनुसार, नवलनी उस दिन टहलने के बाद अचानक अस्वस्थ महसूस कर रहे थे।



तुरंत ही होश खो बैठे। उन्होंने दावा किया, नवलनी को होश में लाने के लिए पूरे प्रयास किए गए लेकिन, वो सब प्रयास काम नहीं आए। इसके बाद एम्बुलेंस के डॉक्टरों ने नवलनी की मौत की पुष्टि की। वहीं नवलनी के परिवार और समर्थकों ने पुतिन पर उनकी हत्या कराने का आरोप लगाया है। मानवाधिकार समूह गुलगु.नेट के संस्थापक व्लादिमीर ओसेकिन ने एक स्रोत का हवाला देते हुए बताया, नवलनी की हत्या दिल पर मुक्का मारकर ली गई होगी। यह केजीबी के विशेष बल डिवीजनों की एक पुरानी पद्धति है। ओसेकिन ने कहा, उन्होंने ऐसा करने से पहले नवलनी को काफी प्रताड़ित किया होगा और उसे कमजोर करने की सारी कोशिशें की गई ताकि एक ही झटके में नवलनी को मार दिया जाए। ऐसा दावा है कि इसके लिए पहले नवलनी को जीरो डिग्री से नीचे तापमान में घंटो रखा गया होगा, खाना नहीं दिया गया। शरीर इतना कमजोर हो गया होगा कि एक झटके से दिल का दौरा आ जाए।

उधर, क्रेमलिन ने इन आरोप को खारिज कर दिया है। उधर, पुतिन, जिन्होंने अपने भाषणों में कभी नवलनी का उल्लेख नहीं किया, ने अभी तक उनकी मृत्यु पर कोई टिप्पणी नहीं की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, व्लादिमीर पुतिन के सबसे मुखर आलोचक के शरीर पर चोट के निशान थे। सूत्रों का कहना है कि जेल में मरने वालों के शवों को आमतौर पर सीधे विदेशी चिकित्सा ब्यूरो में ले जाया जाता है, लेकिन उनके शरीर को किसी कारण से अस्पताल में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि उसके शरीर पर चोट के निशान उन निशानों से मिलते जुलते हैं जो दौरे के दौरान जान पड़ते हैं। केजीबी सोवियत रूस के इतिहास में सबसे खतरनाक सुरक्षा एजेंसी रही। इसे आधिकारिक तौर पर 3 दिसंबर, 1991 को भंग कर दिया गया था। बाद में इसे नया नाम एसवीआर दिया गया जो बाद में संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) बन गई। केजीबी के बारे में कहा जाता है कि यह दुनिया की सबसे खूंखार और खतरनाक खुफिया एजेंसी थी। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान स्टालिन को अमेरिका समेत मित्र देशों की सेना की सभी हरकतें पता होती थी, यह सब केजीबी के मजबूत सुरक्षा तंत्र से मुमकिन था। ऐसा माना जाता था कि केजीबी के एजेंट दुनिया के हर कोने में किसी न किसी रूप में मौजूद हैं।

# पुतिन और किम जोंग ने कर ली यूक्रेन को नक्शे से मिटाने की तैयारी

**मॉस्को (एजेंसी)।** यूक्रेन और रूस के बीच महायुद्ध तीसरे साल में प्रवेश कर गया है। 24 फरवरी 2022 के दिन रूसी सेना ने पूरी ताकत से यूक्रेन की धरती पर हमला बोल दिया था। चार गुना ज्यादा सैन्य बल के बावजूद रूसी सेना यूक्रेन को मात नहीं दे पाई, क्योंकि उसके पीछे अमेरिका और पूरी पश्चिम देशों की ताकत लगी हुई है। इस बीच कीव ने बड़ा दावा किया है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तरी कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन मिलकर उसके खिलाफ बड़ी साजिश रच रहे हैं। पुतिन और किम जोंग का मकसद यूक्रेन को नक्शे से ही मिटाने का है। दरअसल उत्तरी कोरिया ने रूस को ऐसी घातक मिसाइलें दी हैं, जो यूक्रेनी शहरों को पलभर में तबाह कर सकते हैं। वहीं अमेरिका ने भी यूक्रेन के दावे पर चिंता जताई है। इस मामले में यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने नया दावा करके सनसनी मचा दी है। दरअसल रूस ने दिसंबर के अंत से यूक्रेन पर हमलों में 20 उत्तर कोरियाई बैलिस्टिक मिसाइलों का प्रयोग किया। आशंका जताई है कि पुतिन और उत्तरी कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के बीच बड़ी डील हो गई है, जिसमें यूक्रेन पर और अधिक हमले करने की योजना बनी है।

जानकार बता रहे हैं कि पुतिन का साथ देने के लिए किम इसलिए तैयार हो गए हैं क्योंकि अमेरिका और पश्चिम देश यूक्रेन का साथ दे रहे हैं और किम अमेरिका पर दक्षिण कोरिया और जपान को मदद के आरोप लगाता रहा है। किम कई बार खुले तौर अमेरिका को सबसे बड़ा दुश्मन भी बता चुके हैं। जानकार तो यह भी बता रहे हैं कि किम के भी जंग में सीधे तौर पर उतरने से इस युद्ध के तीसरे साल में महायुद्ध बनने के पूरे आसार हैं, जिसे लेकर अमेरिका और यूक्रेन दोनों काफी चिंतित हैं। वहीं यूक्रेन में जांचकर्ताओं का दावा है कि रूस द्वारा दागी गई ह्वासोंग-11 मिसाइलें जिन्हें केएन-23 और केएन-24 के नाम से भी जाना जाता है, ने यूक्रेन में कम से कम 24 नागरिकों को मार दिया है और कम से कम 100 हमले से घायल हो गए हैं।

इतना ही नहीं एसबीयू ने केएन-23 बैलिस्टिक मिसाइल जैसा दिखने वाला मलबा भी बरामद किया है। इससे इस बात की पुष्टि हो गई है कि उत्तरी कोरिया इस जंग में पुतिन का साथ दे रहा है। एसबीयू ने कहा कि रूस ने पहली बार उत्तर कोरियाई मिसाइलों का इस्तेमाल 30 दिसंबर 2023 को यूक्रेन के दक्षिणपूर्वी ज़ापोरीज़िया क्षेत्र में गोलाबारी के दौरान दर्ज किया था। इसमें कहा गया है कि उत्तर कोरियाई मिसाइलों से अगला हमला जनवरी की शुरुआत में कीव में हुआ था। सुरक्षा सेवा के अनुसार, कीव में एक अपार्टमेंट इमारत के चार निवासियों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रूसियों ने फरवरी में डोनेट्स्क क्षेत्र में पांच गांवों पर गोलाबारी करने के लिए उत्तर कोरियाई मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया, जिसमें 17 नागरिक मारे गए।

हालांकि इस दौरान यूक्रेन के दो बड़े शहरों पर पुतिन ने कब्जा कर लिया है। 24 फरवरी 2022 से जारी इस महायुद्ध में जहां पुतिन के पास अनगिनत सैन्य क्षमता और अकूत संपति है। वहीं, यूक्रेन सीमित संसाधनों के साथ इस जंग में अमेरिका और पश्चिम की मदद से मजबूती से खड़ा है। हाल ही के कुछ महीनों में रूस ने इस युद्ध में अप्रयाशित रूप से जीत हासिल करके यूक्रेन के दो बड़े शहरों पर कब्जा कर लिया है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया में बजाया योग का डंका-कृष्ण पाल गुर्जर

## मानव रचना यूनिवर्सिटी में हुआ हर घर परिवार, सूर्य नमस्कार का आयोजन

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** हरियाणा योग आयोग द्वारा शुक्रवार को मानव रचना शैक्षणिक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम मानव रचना विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग, पतंजलि योग समिति, ओम योग संस्थान के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य ने की। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने हरियाणा योग आयोग द्वारा हर घर द्वार तक योग, सूर्यनमस्कार पहुंचाने की इस मुहीम की सरहाना करते हुए कहा कि योग स्वास्थ्य हेतु महत्वपूर्ण है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास है, प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं समृद्ध भारत के स्वपन को पूरा करना है, जिसमें योग एक महत्वपूर्ण बिंदु है और हरियाणा में इसके प्रचार -प्रसार का कार्य हरियाणा योग आयोग बखूभी कर रहा है। यदि हम भारत को विकसित भारत के रूप में देखना चाहते हैं तो योग को घर- घर तक पहुंचाना ही होगा। हर



घर, हर व्यक्ति स्वस्थ होना आवश्यक है, न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र में अपितु शिक्षा के क्षेत्र में भी इसे आगे बढ़ाया जाए। योग करने के लिए छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि योग से शरीर स्वस्थ्य रहता है और मानसिक तौर पर भी लाभ होता है इसलिए नियमित योग करें। सूर्यनमस्कार और योग को अपने जीवन में अपनाने का निर्णय लें। उन्होंने बताया कि 22 जिलों के लगभग 5000 गाँवों में 10 हजार से अधिक विद्यालयों, महाविद्यालयों, व्यायामशालाओं, वार्डों, पुलिस,सेना, अर्धसैनिक बलों ने हर घर परिवार सूर्यनमस्कार अभियान में 21 लाख से अधिक की भागीदारी की। योग, सूर्यनमस्कार जनमानस की जीवन पद्धति का हिस्सा बन पाए, इसको लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री महोदय निरंतर प्रयासरत रहते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हरियाणा योग आयोग के माननीय चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य ने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य था हरियाणा के हर गाँव तक पहुंचना और यह अपने लक्ष्य तक पहुंचा भी है। हमारे लिए गर्व की बात है कि हरियाणा राज्य द्वारा आयोजित किये जा रहे सूर्यनमस्कार अभियान का अनुसरण करते हुए गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश जैसे अन्य राज्य भी इसका आयोजन करवा रहे हैं। मानव रचना शैक्षणिक संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ अमित भल्ला ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी को बधाई देते हुए कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति है, साथ ही योग में शोध संबंधी कार्य भी किये जा रहे हैं, हमारे विद्यार्थी भी इससे जुड़ें इस हेतु हम भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करवाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष के साथ सभी ने सूर्यनमस्कार का अभ्यास किया साथ ही योगासन की प्रस्तुती भी दी गयीं। हजारों बच्चों ने इसमें भागीदारी की, इसके साथ -साथ हरियाणा योग आयोग द्वारा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। मंच संचालन जयपाल शास्त्री एवं मैडम दीक्षा द्वारा किया गया।

# रजक समाज का देश की उन्नति में अहम योगदान-धर्मवीर भड़ाना



**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना जी को रजक समाज ने सेक्टर-55 एनआईटी 86 विधानसभा में आयोजित गडगे जी महाराज की श्रद्धांजलि सभा में सम्मानित किया। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि रजक समाज हमेशा से ही देश में और समाज में उन्नति में अहम योगदान रहा है। रजक समाज को पहले लोगों की गंदे कपड़ों की सफाई के लिए कार्य दिया जाता था लेकिन आज रजक समाज देश की भलाई के लिए और देश की सफाई के लिए अहम योगदान निभा रहा है। आज देश के उच्च पदों एवं राजनीतिक सामाजिक सभी पदों पर रजक समाज का अहम योगदान है वह हमेशा देश सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। धर्मवीर भड़ाना ने रजक समाज के मंच से आम आदमी पार्टी को एवं अरविंद केजरीवाल जी को एक मौका देने की अपील की जैसे फ्री शिक्षा फ्री बिजली महिलाओं को फ्री यात्रा बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा दिल्ली सरकार द्वारा कराई जा रही है वैसी ही सुविधा हरियाणा में भी मिलेंगे और रजक समाज ने धर्मवीर भड़ाना की को कहा कि केजरीवाल जी से कहकर उनके समाज की भागीदारी भी राजनीति में होनी चाहिए धर्मवीर भड़ाना की ने विश्वास दिलाया कि आम आदमी पार्टी हमेशा से ही सभी धर्म का सम्मान करती रही है और सभी समाज को एकत्रित कर कर साथ चलती है। प्रदेश प्रवक्ता आम आदमी पार्टी नरेश शर्मा ने कहा की रजक समाज की उत्पत्ति ऋषि कश्यप के वंशज माने जाते हैं और समाज में अहम योगदान रखते हैं देश में और लोगों की गंदगी साफ करने में रजक समाज का अहम योगदान रहा है सत्येंद्र कुमार शर्मा डिस्ट्रिक्ट वाइस प्रेसिडेंट ,चौधरी देवेंद्र जी ,फकीरचंद जी ,जगदीश प्रसाद जी ,नरेश कुमार ,कुलदीप कनौजिया, लोकेश बजेरिया, मनोज माथुर, महेश ,राकेश, प्रोफेसर रामचंद्र ,धनीराम एडवोकेट एवं रजक समाज के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# दोषी साबित होने पर बिल्डर के खिलाफ हो सख्त कार्यवाही : रमेश चन्द्र बिढाण

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद मण्डल आयुक्त रमेश चन्द्र बिढाण की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को फरीदाबाद में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की गयी। इस बैठक में कुल 14 परिवाद रखे गए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। मीटिंग में 14 परिवाद रखे गए जिनमें से 09 परिवादों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। राम प्रकाश पुत्र सुरेश चंद की शिकायत के सम्बन्ध में फरीदाबाद मण्डल आयुक्त ने एडीसी को जाँच के निर्देश दिए गए। बल्लभगढ़ निवासी शारदा देवी को उसके मकान पर कब्ज़ा मिल चूका है लेकिन दोषी व्यक्ति द्वारा बिजली का बिल न भरने के कारण उसके घर पर बिजली मीटर नहीं लग पा रहा जिस पर संज्ञान लेते हुए फरीदाबाद मण्डल आयुक्त रमेश चन्द्र बिढाण ने बिजली बोर्ड को निर्देश दिए कि पुराने बिल की वसूली दोषी व्यक्ति से की जाए और महिला के नाम पर नया मीटर लगाना सुनिश्चित किया जाए। जगदीश पुत्र श्री आशा राम की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम बडखल को केस के जांच की जिम्मेदारी सौपी। सुभाष लांबा की शिकायत पर रमेश चन्द्र बिढाण ने निर्देश दिए की मामले का निपटारा हेड क्वाटर लेवल पर होगा और एचएसवीपी को रिकॉर्ड सही करने और सीवर कनेक्शन की जांच के आदेश दिए। हरिचंद की शिकायत पर एमसीएफ को तुरंत संज्ञान लेते हुए ट्यूबवेल लगाने और पानी का उचित प्रबंध करने के आदेश दिए गए। रश्मि सिंह पत्नी अरूण कुमार सिंह की शिकायत पर मालिक और बिल्डर के बीच जमीनी विवाद पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बिल्डर और पीड़ित को आमने सामने बुला कर मामले की जांच की जाए। अगर बिल्डर के खिलाफ सबूत मिलते है तो उसके खिलाफ सख्त करवाई होनी चाहिए बिल्डर के आगामी सारे कार्य तुरंत प्रभाव से रोक दिए जाए। इस अवसर पर बीजेपी जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा, उपायुक्त विक्रम सिंह, एडीसी आनंद शर्मा, नगर निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवासन, डीसीपी सेंट्रल श्रीमति जसलीन कौर, , एचएसबीपी प्रशासक डॉ गरिमा मित्तल, जिला परिषद् चेयरमैन विजय लोहिया, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बडख़ल अमित मान, सीटीएम अंकित कुमार सहित अन्य विभागाध्यक्ष व परिवेदना समिति के सरकारी, गैर सरकारी सदस्यगण मौजूद रहे।

# दंगा नियंत्रण के लिए बनाई डेल्टा कंपनी ने पुलिस लाईस में किया अभ्यास

## किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है टीम

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश पर कानून व्यवस्था के लिए फरीदाबाद में 13 कंपनियां बनाई गई है, जिसमें प्रत्येक जोन में तीन कंपनी (अल्फा, ब्रेवो, चार्ली), एक कंपनी पुलिस आयुक्त कार्यालय (डेल्टा), 3 कंपनी पुलिस उपायुक्त अपराध (इको) की शामिल है। शुक्रवार को पुलिस लाइन सेक्टर-30 में दंगा नियंत्रण के लिए डेल्टा कंपनी के जवानों को मॉक ड्रिल अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर एसीपी हैडक्वाटर वीरेंद्र सिंह मौजूद रहे जिनकी देखरेख में कंपनी ने मॉक ड्रिल की। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि दंगा नियंत्रण के लिए गठित की गई पुलिस आयुक्त कार्यालय की कंपनी ने पुलिस लाइन सेक्टर 30 में ड्रिल आयोजित की गई। प्रत्येक कंपनी में 100 से अधिक जवान हैं। प्रत्येक कंपनी का कमांडर एसीपी रैंक तथा सेकंड कमांडर इंस्पेक्टर रैंक का अधिकारी है और प्लाटून कमांडर सबइंस्पेक्टर तथा सेकंड कमांडर एएसआई है। कंपनी के जवान आवंटित किए गए, टियर गैस और सक्षम आधुनिक हथियार, लाठी डंडे बॉडी प्रोटेक्टर के साथ एक कॉल की तैयारी की पोजिशन में रहते है। ड्रिल के दौरान फोर्स के सभी जवानों को किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत कार्यवाही करने की ट्रेनिंग दी गई। जवानों को ड्रिल के दौरान अहम दिशा निर्देश दिए और जवानों से उनकी ड्यूटी के बारे में समझाया गया। जवान किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। पुलिस की यह कंपनियां फरीदाबाद में शांति व कानून व्यवस्था स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे तथा उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार इन कंपनियो की ट्रेनिंग के लिए इस प्रकार की मॉक ड्रिल आगे भी लगातार जारी रहेगी। पुलिस आयुक्त के अनुसार जवान का किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना अति आवश्यक है इसलिए उन्हें लगातार अभ्यास करवाया जा रहा है। इन कम्पनियों को फरीदाबाद में किसी भी तरीके दंगे या धरना प्रदर्शन में बलवा, आंदोलन के साथ धार्मिक, साम्प्रदायिक, जातिगत अथवा विभिन्न प्रकार के धरना, प्रदर्शन नियंत्रण के लिए तैयार किया गया है जो त्वरित कार्रवाई करके शहर में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करेंगी।

# बल्लभगढ़ में हुआ माई सिटी माई रन प्री मैराथॉन रेस का आयोजन

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ आंबेडकर चौक से आज माई सिटी माई रन प्री मैराथॉन रेस का आयोजन किया गया जिसका समापन सेक्टर-3 स्थित कम्युनिटी सेंटर पर हुआ। भाजपा नेता टिपर चंद और एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने हरी झंडी दिखाकर प्री मैराथॉन रेस की शुरुआत की। माई सिटी माई रन प्री मैराथॉन 4 किलोमीटर की यह रेस आज सुबह बल्लभगढ़ अम्बेडकर चौक से शुरू होकर बल्लभगढ़ मैन मार्किट से होते हुए सेक्टर-3 स्थित सामुदायिक भवन पर आकर खत्म हुई। इस दौड़ में जिला प्रशासन के आह्वान पर बच्चों महिलाओं, युवाओं सहित आमजन ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। माई सिटी माई रन प्री मैराथॉन जिला में आगामी तीन मार्च को आयोजित होने वाली हाफ मैराथॉन में भाग लेने के लिए लोगों को जागरूक करने और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करने के उद्देश्य से की गई। आगामी तीन मार्च को आयोजित होने वाली हाफ मैराथॉन में अलग-अलग श्रेणियों के हजारों धावक भागीदारी करेंगे। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल फरीदाबाद हाफ मैराथॉन में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन कर विजेताओं को नकद ईनाम राशि देकर सम्मानित करेंगे। जिला हाफ मैराथॉन में भागीदारी के लिए हजारों की संख्या में प्रोफेशनल रनर्स के साथ-साथ आमजन भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए फरीदाबाद हॉफ मैराथॉन डॉट कॉम पर अपना पंजीकरण करवा रहे हैं और यह रजिस्ट्रेशन 29 फरवरी तक करवाया जा सकता है। प्री मैराथॉन रेस में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ स्कूली छात्र-छात्राओं व जिला वासियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पेश बजट दूरदर्शी, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी : राजकुमार वोहरा

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा बतौर वित्त मंत्री पेश किये गए एक लाख 89 हजार करोड़ रुपये के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने बजट को प्रदेश की जनता के विकास और उनकी आकांक्षों को पूर्ण करने वाला एवं विकसित भारत - विकसित हरियाणा के सपने को साकार करने वाला बजट बताया । उन्होंने कहा कि ताऊ मनोहर लला द्वारा पेश किया गया बजट दूरदर्शी, सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी बजट है जो पिछले साल की तुलना में 11 त्न अधिक है और ताऊ मनोहर लाल ने प्रदेश की जनता पर किसी नए कर का भार भी नहीं डाला है। जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि केंद्र सरकार की तरह प्रदेश का बजट गरीब, किसान, युवा और महिला के समग्र विकास पर आधारित बजट है । बजट में हरियाणा के 5 लाख 47 हजार किसानों के कर्ज के ब्याज और पेनल्टी माफी, बजट में 8 नए राजकीय पशु अस्पताल और 18 नए राजकीय पशु औषधालय और 70 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों और 6 नए बोटोनिकल गार्डन विकसित करने का ऐलान सराहनीय कदम हैं । बजट में सिंचाई एवं जल



संसाधन क्षेत्र के लिए 30 प्रतिशत अधिक बजट का प्रावधान और मिशन 60,000' के तहत, 60,000 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करने का लक्ष्य तय किया गया है। सूर्योदय योजना के तहत मध्यम वर्ग और गरीब लोगों को 2 किलोवॉट के सोलर पैनल के लिए 60,000 रुपये की सब्सिडी और 1.80 लाख तक की आय वाले एक लाख गरीब परिवार, जिनकी औसत मासिक बिजली खपत 200 यूनिट तक है, 50,000 रुपये तक की अतिरिक्त सहायता योजना शुरू करने का प्रस्ताव किया गया है। स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा और आयुष क्षेत्रों के बजट को 23.89 त्न बढाकर 9,579.16 करोड़ रुपये आवंटित करने का कार्य किया है । युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के परिजनों के लिए दी जा रही 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि को बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये करके और बजट में विकास और प्रदेश की जनता के विकास और कल्याण के अनेकों प्रावधान कर ताऊ मनोहर लाल ने बेहद सराहनीय बजट पेश किया है । राजकुमार वोहरा ने विकसित भारत - विकसित हरियाणा के सपने को साकार करने वाले बजट को प्रदेश और प्रदेश की जनता के विकास का बजट बताया । वोहरा ने इस दूरदर्शी, सर्वसमावेशी और सर्वस्पर्शी बजट के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया और शुभकामनायें प्रेषित की ।















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक दिनेश शर्मा द्वारा स्वास्तिका क्रिएशन, 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से मुद्रित करवाकर मुख्य कार्यालय 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से प्रकाशित किया।
पीआरबी एक्ट के अंतर्गत रचनाओं के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायक्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। फोन : 011-26386221 मो. : 9810635211 DCP Licencing No. F.2 (F-10) Press/2017 RNI No. - DELHIN/2017/76338